गुरुवार, 26 जून 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 32 |
| आर्द्रता | 92% |
| सूर्योदय: 4:54 | सूर्यास्त: 18:24 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : दुःख को दूर करने की एक ही औषधि है – मन से दुखों की चिंता न करना।



आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी: अमित शाह पृष्ठ 7


**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# शुभांशु शुक्ला रवाना, 41 साल बाद भारत की अंतरिक्ष में मानव उड़ान

## वायुसेना बोली- भारत के लिए अद्भुत क्षण



**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। कई विलंबों के बाद, अरबपति कारोबारी एलोन मस्क के स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी।

**अंतरिक्ष यात्री शुक्ला 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं: मोदी**

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं। भारत, पोलैंड, हंगरी और अमेरिका में उड़ान का सीधा प्रसारण देखने के लिए आयोजित कार्यक्रमों में एकत्रित परिवार के सदस्य, अनेक शुभचिंतक और अंतरिक्ष प्रेमी उस समय खुशी से झूम उठे, जब रॉकेट फ्लोरिडा के आकाश में उसी स्थान से उड़ा, जहां से जुलाई 1969 में अपोलो-11 मिशन के तहत अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग ने उड़ान भरी थी। नील आर्मस्ट्रांग चंद्रमा पर कदम रखने वाले प्रथम व्यक्ति थे। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा, ''कमाल की राइड (यात्रा) थी।'' करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के बृहस्पतिवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की संभावना है। क्रू कैप्सूल के अंदर से कैमरों द्वारा प्रसारित फुटेज में चारों अंतरिक्ष यात्रियों को उनके केबिन में एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए देखा गया, तथा वे हेलमेट पहने हुए सफेद और काले रंग के फ्लाइट सूट पहने हुए थे।

### शुभांशु शुक्ला बोले : कमाल का सफर था... जय हिंद-जय भारत

स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि ''कमाल की राइड (सफर) थी!'' लड़ाकू पायलट से अंतरिक्ष यात्री बने शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा, ''मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं।''उन्होंने कहा, ''नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!'' शुक्ला ने कहा, ''हम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं... यह सिर्फ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मेरी यात्रा की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है और मेरी इच्छा है कि सभी देशवासी इस यात्रा का हिस्सा बनें।'' शुक्ला ने कहा, ''आपका सीना भी गर्व से चौड़ा होना चाहिए...आइये हम सब मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की इस यात्रा पर चलें। जय हिंद! जय भारत।''

## रथ उत्सव से पूर्व मुख्यमंत्री ममता पहुंची दीघा



**पूर्व मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को दीघा पहुंची। वह यहां नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर की 'रथ यात्रा' में भाग लेंगी। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पहले आज दीघा के लिए रवाना होने वाली थीं, लेकिन उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। ममता रथ यात्रा से एक दिन पहले मनाए जाने वाले 'नबाजौबन' यानी 'नेत्र उत्सव' में भाग लेंगी। यह वह अवसर है जब भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ स्नान यात्रा के पश्चात 14 दिनों के एकांतवास के बाद लोगों के सामने फिर से प्रकट होते हैं। इस दिन, दीघा आते वक्त मुख्यमंत्री ने कांथी में अपनी गाड़ी रोकी और सड़क के दोनों ओर मौजूद आम लोगों से बात की। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मरिश्दा पुलिस थाने का भी दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बात की। इधर, मुख्यमंत्री के आगमन के बाद पूरे दीघा में अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुराने दीघा से लेकर नये दीघा स्टेशन तक सड़क के दोनों ओर लकड़ी के बड़े-बड़े बैरिकेड लगाये गये हैं। यातायात को नियंत्रित किया जा रहा है।

## महोर्म के दौरान 10 दिन तक कोलकाता के विभिन्न सड़कें रहेंगी बंद




**कोलकाता :** महोर्म के पहले दिन से लेकर दसवें दिन तक, शहर के विभिन्न इलाकों में ट्रैफिक नियंत्रण लागू रहेगा। इस संबंध में नगरपाल मनोज कुमार वर्मा ने एक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, 27 जून से लेकर 6 जुलाई तक, जब-जब ताजिया यात्रा निकलेगी, उन सड़कों और उनके आस-पास के रास्तों पर यातायात नियंत्रित किया जाएगा। इस आदेश के अनुसार, ताजिया यात्रा के दौरान ट्रैफिक नियंत्रण की जिम्मेदारी विभागीय ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों पर होगी। शहर में कुल मिलाकर यातायात नियंत्रण महोर्म के नौवें दिन, यानी 5 जुलाई को साझा समय (4 बजे) से लागू होगा। इसके बाद, 7 जुलाई की सुबह 5 बजे तक कोलकाता पुलिस के क्षेत्र में सभी प्रकार के मालवाहन वाहनों का संचालन पूरी तरह से निषिद्ध रहेगा। हालांकि, केवल आवश्यक वस्त्रों जैसे कि सब्जी, दवाइयां, दूध, ईंधन जैसी चीजों को लेकर जाने वाले वाहनों को पुलिस द्वारा वैकल्पिक मार्ग से शहर के भीतर आवाजाही करने की अनुमति दी जाएगी। कोलकाता के वाटगंज, आलिपुर, इक़बालपुर, पश्चिम बंदर, उत्तर बंदर, बेलघाटा सहित 33 थानों के पास ताजिया यात्रा के मार्गों की पूरी सूची भेज दी गई है। इसके अनुसार, प्रत्येक रास्ते पर ताजिया यात्रा शुरू होने से लगभग एक घंटे पहले सड़क पर यातायात नियंत्रण लागू किया जाएगा, और ताजिया समाप्त होने के बाद उन रास्तों को सामान्य यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कोलकाता पुलिस पूरी तरह से सतर्क रहेगी।

## भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाक सेना का अधिकारी तालिबान के हमले में मारा गया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

## भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल : डबल्यूईएफ रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। अध्ययन में पाया गया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक में 10 से अधिक कंपनियों का मुख्यालय है और ये वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। डबल्यूईएफ ने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी का सर्वश्रेष्ठ परिचालन करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, कोलंबिया, मेक्सिको, इंडोनेशिया और जर्मनी शामिल हैं।

## आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सिखाने वाला अनुभव था : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** आपातकाल और उस दौरान के अपने अनुभवों पर एक पुस्तक के विमोचन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि यह अवधि उनके लिए सीख देने वाली थी। लोकतंत्र के आदर्शों के लिए मोदी के संघर्ष को रेखांकित करने वाली किताब 'द इमरजेंसी डायरीज-ईयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का प्रकाशन ब्लूक्राफ्ट ने किया है। गृह मंत्री अमित शाह बुधवार शाम को इसका विमोचन करेंगे। मोदी ने कहा कि यह किताब आपातकाल के दौरान की उनकी यात्रा को बयां करती है और उस समय की कई स्मृतियों को ताजा करती है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूं जिन्हें आपातकाल के वे काले दिन याद आते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले थे, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल के समय वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के युवा प्रचारक थे। उन्होंने कहा, ''आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सिखाने वाला अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को संरक्षित करने की महत्ता को फिर से पुष्ट किया। साथ ही, मुझे राजनीतिक क्षेत्र के लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला।''

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल के पीड़ितों के बलिदान का सम्मान करने का संकल्प लिया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को कुछ क्षणों का मौन रखा तथा उनके बलिदान को याद करने और सम्मान देने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कुछ क्षणों का मौन रखा, जिनके संवैधानिक लोकतांत्रिक अधिकार आपातकाल के दौरान छीन लिए गए और जिन्हें अकल्पनीय भयावहता का सामना करना पड़ा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण करने और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कमजोर करने के प्रयास का बहादुरी से विरोध किया था। आपातकाल की शुरुआत 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के एक कठोर प्रयास के साथ हुई थी।

## पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में मतदाता सूची की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक

**नयी दिल्ली :** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है। विपक्षी दलों का आरोप है कि आयोग ने भाजपा की मदद के लिए मतदाता आंकड़ों में हेराफेरी की है। इसके बाद आयोग ने गहन पुनरीक्षण में अतिरिक्त कदम उठाए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवैध प्रवासियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो। मतदाता बनने या राज्य के बाहर से आने वाले आवेदकों की एक श्रेणी के लिए एक अतिरिक्त 'घोषणा फॉर्म' पेश किया गया है। उन्हें यह शपथ-पत्र देना होगा कि उनका जन्म एक जुलाई, 1987 से पहले भारत में हुआ था और जन्म तिथि और/या जन्म स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा। घोषणा पत्र में सूचीबद्ध विकल्पों में से एक यह है कि उनका जन्म भारत में एक जुलाई 1987 और दो दिसंबर 2004 के बीच हुआ है। उन्हें अपने माता-पिता की जन्मतिथि/स्थान के बारे में भी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

## अमेरिकी हमलों से हमारे परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं : ईरान

**दुबई :** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि सप्ताहांत में हुए अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान ''बुरी तरह से क्षतिग्रस्त'' हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, ''हमारे परमाणु प्रतिष्ठानों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है।''

## सीबीएसई 2026 से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार आयोजित करेगा

**नयी दिल्ली :** सीबीएसई के दसवीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई छात्र दोनों चरणों में शामिल होता है तो दोनों में से सर्वश्रेष्ठ अंक को प्राप्तांक माना जाएगा। सीबीएसई ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, ''पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।'' छात्रों के लिए पहले चरण को अनिवार्य बनाने के तर्क को स्पष्ट करते हुए सीबीएसई के अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि छात्र परीक्षा को गंभीरता से लें और बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता बनी रहे। उन्होंने कहा, ''यदि कोई छात्र पहले चरण की परीक्षा में तीन या अधिक विषयों में उपस्थित नहीं होता है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्रों को 'आवश्यक पुनरावृत्ति' श्रेणी में रखा जाएगा और वे अगले साल फरवरी में होने वाली मुख्य परीक्षा में ही परीक्षा दे सकेंगे।'' सिंह ने कहा कि जिन छात्रों का पहली परीक्षा में परिणाम 'कंपार्टमेंट' है, उन्हें 'कंपार्टमेंट' श्रेणी के तहत दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।


**अग्रवाल परिवार में शोक**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
बाल हनुमान मन्दिर के कर्मठ कार्यकर्त्ता
**श्री दिलीप कुमार अग्रवाल**
(सुपुत्रः स्व. राधेश्याम अग्रवाल)
का गोलोकवास दिनांक 25 जून 2025 बुधवार को हो गया है।
इनकी अन्तिम यात्रा बृहस्पतिवार 26 जून को दोपहर 11 बजे
हमारे निवास स्थान 75 बांगुर एवेन्यू, ब्लॉक D
कोलकाता - 700055 से नीमतल्ला घाट जाएगी।

शोकाकुल :
बबीता देवी अग्रवाल 'धर्मपत्नी'
मनोज-नीतू अग्रवाल 'अनुज-अनुजवधू'
प्रणय-रितीका अग्रवाल 'पुत्र-पुत्रवधू'
निकीता-हर्ष गाड़ोदिया 'पुत्री-जँवाई'
मीरा-दुर्गा खेतान 'बहन-बहनोई'
श्रेयस 'भतीजा' रुद्रांश 'पौत्र' आरुष 'दोहिता'
एवं श्री बाल हनुमान मन्दिर परिवार
98301 15016, 98316 60771, 9830036163



**Suffering from hip or Knee pain?**
**Ask Dr. Santosh**

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

**प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

**प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?**
**डॉ. कुमार:** विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।


Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

**प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

**प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

**प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

**प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?**
**डॉ कुमार:** सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।


**प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?**
**डॉ कुमार:** हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

**प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?**
**डॉ. कुमार:** सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लाँजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है**
**डॉ. कुमार:** अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।




**प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?**
**डॉ. कुमार:** फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और

**Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation**
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## फिर भी भारत बेटों पर मोहित

देशकाल-परिस्थितियों और बदलती जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर पर एक सूक्ष्म, लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव दृष्टिगोचर हो रहा है। यह बदलाव लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में आ रहे परिवर्तन का है। जैसा कि हाल ही में 'द इकनॉमिस्ट' द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। दुनियाभर में, अतिरिक्त पुरुष जन्म की संख्या- जो वर्ष 2000 में 1.7 मिलियन तक अधिक थी, साल 2025 तक लगभग दो लाख तक गिर गई है। निस्संदेह, यह प्रजनन विकल्पों में एक अप्रत्याशित बदलावों का संकेत है। यहां तक कि दक्षिण कोरिया और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता के रूप में देखा जा सकता है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वह आर्थिक रूप से स्वावलंबी होती जा रही है। बल्कि कई देशों में तो महिलाओं की बैचलर डिग्री की संख्या तक पुरुषों की तुलना में अधिक है। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं।

वहीं भारत में परिस्थितियां एक जटिल तसवीर प्रस्तुत करती हैं। यूं तो सदियों से भारत का समाज पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। लेकिन लिंग चयन के लिये किए जाने वाले गर्भपात पर शासन व प्रशासन की कानूनी सख्ती और जागरूकता अभियानों के बावजूद परंपरागत रूप से समाज में गहरी जड़ें जमाने वाला बेटा मोह अब भी प्राथमिकता बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5( 2019-21) का सर्वे चिंता बढ़ाने वाला है। सर्वे के अनुसार, लगभग 15 फीसदी भारतीय माता-पिता अभी भी बेटियों की तुलना में बेटों की आकांक्षा रखते हैं। यही वजह है कि हरियाणा,पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विषम शिशु लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है। इसके अलावा, भारत में बेटी वरीयता, जहां यह मौजूद है, अक्सर सशर्त होती है। लड़कियों को भावनात्मक लगाव या घरेलू स्थिरता के लिये तो महत्व दिया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि पोषण, शिक्षा या विरासत तक उन्हें समान पहुंच दी जाए। भारतीय समाज में दहेज जैसी सांस्कृतिक प्रथाएं आज भी बेटी के माता-पिता की बड़ी चिंता बनी रहती हैं। परंपरावादी समाज में यह धारणा बलवती रही है कि बेटियां दूसरे परिवार की हैं। यही वजह है कि ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों में लड़कियां हाशिये पर रख जाती हैं। लेकिन इसके बावजूद भारत को लिंग समानता के वैश्विक आंदोलन की किसी भी तरह अनदेखी नहीं करनी चाहिए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकारों के नीतिगत हस्तक्षेप को जन्म सांख्यिकी से परे जाना चाहिए। नीति-नियंताओं को बालिका शिक्षा को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही समान संपत्ति अधिकार लागू करने, दहेज प्रथा की कुरीति को समाप्त करने की दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए। तभी भारतीय समाज में लिंगभेद की मानसिकता खत्म होगी और लैंगिक समानता की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही देश में तेजी से बढ़ती बुजुर्गों की आबादी के लिये सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 जून, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 13:29 तक, नक्षत्र : आद्रा, 08:46 तक, योग : ध्रुव, 23:38 तक, सूर्योदय: 4:54, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 05:24, चन्द्रास्त: 19:35, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 13:19 से 15:00

## राशिफल

**मेष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कन्या :** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिक :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक ङ्कचताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। समय का सदुपयोग करें।

**मकर :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कुम्भ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**मीन :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

# भारतीय कामगारों का सशक्तिकरण : रोजगार में बढ़ोतरी और श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय

**वी. अनंत नागेश्वरन,**
**भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार**

**आधुनिक** डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब ऑल-इन-वन (एकल सुविधा) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोज़गार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोज़गार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे ज़रूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है।

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोज़गार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फ़ोन के ज़रिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के ज़रिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के ज़रिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फ़ोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है।

एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे।

रोजगार का दूसरा पहलू सामाजिक सुरक्षा है। भारत में एक बड़ा अनौपचारिक, असंगठित क्षेत्र है जो रोजगार प्रदान करता है। ऐसे रोजगार में नियोक्ता द्वारा कोई लिखित अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। इन कामगारों के लिए, बीमारी, चोट, दुर्घटना, नौकरी छूटना या अन्य आपात स्थिति जैसी कोई भी घटना तुरंत विपत्ति में बदल सकती है। अब सरकार के सामाजिक सुरक्षा के उपाय अस्थायी संकट को आजीवन कठिनाई में बदलने से रोकते हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों से इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और सबको सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हाल तक लाखों असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों तक जागरूकता और पहुंच सीमित थी। पर ई-श्रम पोर्टल ने इस चुनौती का समाधान किया है। असंगठित श्रमिकों को अब सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट पहचान मिला है। वर्ष 2021 में आरंभ किए गए इस पोर्टल पर 30 करोड़ 70 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। यह पोर्टल लगभग 13 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत कर श्रमिकों के लिए एकल समाधान के रूप में कार्य करता है, जिससे लाभों को लक्षित रुप से पहुंचाना, उन तक बेहतर पहुंच और योजना संतृप्ति (योजना लाभ) संभव हो पाता है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग श्रमिकों (अल्पकालिक, अनुबंध-आधारित नौकरी करने वाले) का ई-श्रम से पंजीकरण कर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया है और उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ श्रमिकों का विवरण साझा करके, पोर्टल राज्य स्तर पर श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, पोर्टल को राष्ट्रीय करियर सेवा, स्किल इंडिया डिजिटल हब, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम), सरकारी योजनाएं खोजने के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान करने वाला राष्ट्रीय प्लैटफ़ॉर्म माईस्कीम, दिशा योजना आदि के साथ एकीकृत किया गया है। यह श्रमिकों को ई-श्रम पर एक बार पंजीकरण कराने से ही केंद्र और राज्य सरकारों के कई योजना पोर्टलों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है। इससे योजना की पात्रता, योजना के लाभों, नौकरी के अवसरों का पता लगाने, कौशल प्रशिक्षण, पेंशन और बीमा जैसे लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। इसकी पहुंच और भी व्यापक बनाने के लिए हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भाषिणी परियोजना की 22 भाषाओं वाली एक बहुभाषी सुविधा को ई-श्रम में जोड़ा गया है। परिचालन को सरल बनाने के लिए राज्य माइक्रोसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए हैं।

इन प्रयासों से उल्लेखनीय सफलता और घरेलू स्तर पर सराहना के साथ ही वैश्विक स्तर पर भी मान्यता मिली है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के नवीनतम डेटाबेस अद्यतन के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ की विश्व सामाजिक सुरक्षा 2026 की रिपोर्ट के अनुसार लाभार्थियों के मामले में भारत 94 करोड़ 13 लाख के साथ दूसरे स्थान पर है। यह बढोतरी देश में सामाजिक सुरक्षा दायरे की गणना में 32 केंद्रीय योजनाओं के साथ राज्य की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को शामिल करने के सरकार के प्रयासों का परिणाम है। विश्व सामाजिक सुरक्षा 2026 के लिए डेटा पूलिंग की चल रही कवायद के तहत सामाजिक सुरक्षा दायरे में इस विकास को शामिल करने वाला भारत पहला देश बन गया है।

इसी क्रम में, 34 करोड़ 60 लाख से अधिक सदस्यों वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ईपीएफओ के द्वितीय चरण में बदलाव के लिए कई डिजिटल सुधार लागू किए हैं। इनसे सदस्यों की पहुंच बढ़ी है और नियोक्ताओं का काम आसान हो गया है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर शुरू करने, एकीकृत केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने, ई-पासबुक, उमंग ऐप, योगदानकर्ताओं के अंशदान का ई-संग्रह और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के प्रावधान सहित प्रमुख पहल से सदस्यों की सुविधा बढ़ी है। ईपीएफओ के तहत केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली आरंभ होने से देश में कहीं से भी पेंशन प्राप्त करने से 77 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त, ऑटो-क्लेम सेटलमेंट सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपए करने से लगभग 7 करोड़ 50 लाख सदस्यों को सुगमता होगी और दावों का निपटान तेजी से हो सकेगा। ईपीएफओ ने फंड ट्रांसफर प्रक्रिया को भी सरल बनाया है, जिससे एक करोड़ 25 लाख से अधिक सदस्यों को लाभ हुआ है और लगभग 90 हजार करोड़ रुपए का वार्षिक अंतरण सुगम हुआ है। इन सुधारों और ईपीएफओ के आधुनिकीकरण तथा डिजिटलीकरण दक्षता बढ़ाने और मैनुअल प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने से सदस्यों और नियोक्ताओं दोनों के लिए प्रणाली संचालन आसान हो जाएगा।

सरकारी के नीतिगत हस्तक्षेपों को उद्योग की सक्रिय भागीदारी का समर्थन आवश्यक है। उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रमुख उदाहरण ई-श्रम पहल है, जहां गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों (संस्थागत श्रमिकों) के लिए सामाजिक सुरक्षा का सफल कार्यान्वयन काफी हद तक प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स की भागीदारी पर निर्भर करता है। नियोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि एक सुरक्षित, संरक्षित और संतोषजनक कार्यस्थल बनाना, साथ ही श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए, वंचित और कमजोर समूहों को लक्षित और निरंतर समर्थन प्रदान करना भी महत्वपूर्ण है। यह समर्थन आर्थिक और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देगा और कार्यबल तथा अर्थव्यवस्था में भागीदारी की बाधाओं को दूर करने में मदद करेगा।

## यूपी/बिहार/झारखंड

### संविधान में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी 'संविधान हत्या दिवस' पर लोकभवन में आयोजित 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय' विषयक संगोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने इस दौरान कहा, कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब आंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों



एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। एक बयान के मुताबिक, उन्होंने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 'कैशलेस' उपचार की सुविधा की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हो या राष्ट्रीय जनता दल (राजद) दोनों दलों ने 'संविधान हत्या दिवस' पर न तो कोई बयान जारी किया और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट किया। योगी ने कहा कि इन दोनों दलों के वरिष्ठ नेता संविधान का गला घोंटने के कांग्रेस के कृत्य के खिलाफ थे, कांग्रेस की तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही के विरोध में आंदोलनरत थे लेकिन आज वहीं लोग अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस के सामने नाक रगड़ते दिखाई पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देते हैं लेकिन संविधान का गला घोंटने वालों व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने वालों को अपने गले का हार भी बनाते हैं।

### गोरखपुर हवाई अड्डे पर नया टर्मिनल बनाने के लिए हुआ एमओयू

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर हवाई अड्डे पर एक नये टर्मिनल भवन के लिए भारतीय वायु सेना, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और गोरखपुर जिला प्रशासन के बीच मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। हवाई अड्डे के निदेशक आर. के. पाराशर ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से नए टर्मिनल के लिए वायु सेना से 42 एकड़ भूमि के हस्तांतरण का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नया टर्मिनल बनने से हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे एक साथ 10 विमानों के लिए पार्किंग की जगह और लगभग 1,400 कारें खड़ी करने की सुविधा मिलेगी। पाराशर ने बताया कि इस टर्मिनल का काम पूरा हो जाने पर हवाई अड्डे से प्रतिदिन लगभग 200 उड़ानें रवाना हो सकेंगी।

### तेजप्रताप ने वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस प्रशिक्षण का साक्षात्कार उत्तीर्ण किया



**पटना :** पिछले दिनों राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निकाले गए बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) पाठ्यक्रम के प्रारंभिक चरण के लिए साक्षात्कार उत्तीर्ण कर लिया है। उड्डयन निदेशालय (बिहार सरकार) की ओर से 20 जून को जारी सफल उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, यादव ने 18 उम्मीदवारों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 'एब-इनिशियो टू सीपीएल कोर्स' के लिए साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पास की है। साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया 16 दिसंबर, 2024 से 18 दिसंबर, 2024 के बीच आयोजित की गई थी। तेजप्रताप के पिता लालू प्रसाद ने उन्हें कथित तौर पर अनुष्का नामक महिला के साथ रिश्ते में होने की बात कबूलने पर 25 मई को छह साल के लिए राजद से निष्कासित कर दिया था। हालांकि, बाद में तेजप्रताप ने अपने संबंधों को लेकर फेसबुक पर की गई पोस्ट हटा ली थी और दावा किया था कि उनका पेज हैक हो गया था।

### 'नकली समाजवादी आपातकाल लगाने वालों की गोद में बैठ गए': केशव प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश में आपातकाल लगाये जानी की 50वीं बरसी पर बुधवार को विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि नकली समाजवादी आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठ गए हैं। मौर्य ने यहां 'सर्किट हाउस' में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, आपातकाल के समय असली समाजवादी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे थे। कांग्रेस के खिलाफ लोक नायक जयप्रकाश नारायण, जार्ज फर्नांडीस, मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद इस आंदोलन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, जो कांग्रेस की गोद में बैठ गया, वह कांग्रेस की तरह ही हो गया। लोकतंत्र की हत्या करने वाली, इस देश में आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस पार्टी के साथ जो खड़ा है, उसे कांग्रेस ही समझना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, संविधान में आपातकाल लगाने की व्यवस्था है और वह भी तब जब देश संकट में हो। लेकिन उस समय देश पर संकट नहीं था, बल्कि गांधी परिवार की सत्ता पर संकट था।

### झारखंड: किसान के घर घुसा बाघ, वन अधिकारियों ने पकड़ा

**रांची :** झारखंड के रांची जिले के एक गांव में बुधवार को एक वयस्क बाघ (रॉयल बंगाल टाइगर) एक किसान के घर में घुस गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई, हालांकि बाद में वन अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 65 किलोमीटर दूर मुरी पुलिस चौकी के अधिकार क्षेत्र में सिल्ली प्रखंड के मरदु गांव में घटी। रांची के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) श्रीकांत वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, बाघ सुबह करीब पांच बजे पूरन चंद महतो के घर में घुस गया। वर्मा ने बताया कि जब किसान ने बाघ को घर के एक कमरे में घुसते देखा तो उन्होंने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि जब बाघ घर में घुसा तो करीब आठ साल की दो बच्चियां भी घर के अंदर थीं, लेकिन उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### उत्तर प्रदेश: भू-माफिया बृजेश अवस्थी की दिल का दौरा पड़ने से जेल में मौत

**बस्ती :** उत्तर प्रदेश की बस्ती जिला जेल में बंद कुख्यात भू-माफिया बृजेश अवस्थी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, अवस्थी पर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी और धमकी देने समेत 43 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के अवस्थी को सीने में तेज दर्द और पसीना आने की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल अस्पताल में आधे घंटे के शुरुआती इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे तत्काल अस्पताल भेजने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब सात बजे अवस्थी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान करीब साढ़े दस बजे उसकी मौत हो गई। बस्ती जेल अधीक्षक एसपी मिश्रा ने बताया, गोंडा के कैदी बृजेश अवस्थी ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 से साढ़े दस बजे सीने में दर्द की शिकायत की।

## वर्ग पहेली नं. 3134

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | | | ■ | | ■ | |
| 7 | 8 | | | ■ | 9 | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| ■ | 14 | | ■ | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | | ■ | 18 | | 19 | ■ | 20 | | ■ |
| | ■ | 21 | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 |
| 25 | | | ■ | | ■ | | ■ | 26 | |
| | ■ | 27 | | ■ | 28 | | | | |

**बायें से दायें:-** 1) छुट्टी, 3) ग़द्दारी, 6) मिस; कारण, 7) जलपोत, 9) बाज़ी, 10) स्पष्ट, 11) गंध, 14) औषधियों को उबालकर निकाला गया रस, 15) ऊपरी (दृष्टि), 17) अलग, 18) विपत्ति, 20) पशुशाला; घेरा; सामनेवाला आँगन, 22) प्रसिद्ध, 25) मायका, 26) तिब्बती बौद्धगुरु, 27) चालाक; प्रचलित, 28) किसी कला में निपुण.

**ऊपर से नीचे:-** 1) पूर्वज; बड़ा भाई, 2) ओस, 3) विनाशकारी, 4) जुड़ा; लगा, 5) पक्षपात, 8) चुनौती, 12) शपथपत्र, 13) अनेक बार, 16) बदबूदार, 17) दुधमुँहा, 19) अंधेरा, 21) प्रश्नपत्र, 23) ज़रिया; सहायता, 24) पराकाष्ठा; चमत्कार, 26) प्रेत.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | स | भा | ■ | म | ग़ | ज़ | ■ | द |
| न | ■ | द | र | गा | ह | ■ | ना | म | र्द |
| मा | लु | म | त | ■ | ज़ | बा | नी | ■ | ना |
| ना | का | ■ | ■ | अ | ■ | ल | ■ | त | क |
| ■ | छि | ड़ | क | ना | ■ | म | ग | र | ■ |
| प | पी | ■ | म | र | ना | ■ | ज़ | ह | री |
| ज | ■ | ■ | र | ■ | मु | खा | ■ | ■ | झ |
| मा | रा | मा | री | ■ | सी | प | ■ | का | ना |
| ■ | ष्ट्र | ■ | न | हीं | ■ | त | रा | जू | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | | |
| 3 | | | | 8 | | | | |
| 5 | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | | | 9 | | | |
| | | | | | | 2 | 5 | 1 |
| | | 6 | 8 | 1 | 2 | | | |
| 9 | | 3 | | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 9 | | | | 8 |
| 2 | | | | 7 | | | 1 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3090 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 4 |
| 4 | 1 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 | 3 |

# गृह मंत्री शाह को पहलगाम हमले के लिए पद त्याग करना चाहिए : अभिषेक बनर्जी

❑ **तृणमूल सांसद ने किया दावा... 'बंगाल में विधानसभा चुनाव में भाजपा को 50 सीटें भी नहीं मिलेगी'**

❑ **तृणमूल नेता ने कहा... 'इस साल और बड़े स्तर पर होगा सेवा'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य सेवा परियोजना अब तक 12 लाख से अधिक लोगों का इलाज किया गया है और 25 हजार से अधिक लोगों को घर-घर जाकर चश्मा पहुंचाया गया है। उक्त जानकारी बुधवार को डायमंड हार्बर के तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने सातगाछिया में आयोजित एक जनसभा में दी। उन्होंने कहा कि अगर आरजीकर अस्पताल की घटना को लेकर मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए, पहले तो देश के गृह मंत्री को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी स्वीकार कर इस्तीफा दें। जब हमलोग विदेश में पाकिस्तान द्वारा किए गए इस हमले की निंदा कर रहे हैं, तो देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बंगाल आकर विभाजन की राजनीति और बंगाल को भड़काने की कोशिश कर रहे थें। 2021 के विधानसभा चुनाव में बंगाल भाजपा ने 200 से ज़्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था। लेकिन उसे 77 सीटें मिली। अभिषेक बनर्जी ने इसे याद करते हुए कहा कि 2021 में भाजपा 77 पर अटक गई। मैंने आपलोगों से वादा किया था कि इस बार 2026 की लड़ाई में यह आंकड़ा 50 से नीचे रहेगा। वैसे मैं भविष्यवाणी नहीं करता। अगर मैं भविष्यवाणी कर भी रहा हूं, तो यह कम से कम लोगों के प्यार के अनुरूप होगा, भगवान की कृपा से। अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर 'भेदभाव और नफरत की राजनीति' करने का आरोप लगाया। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भेदभाव और नफरत की राजनीति बंगाल में कभी नहीं रही। अभिषेक ने आरोप लगाया कि बंगाल में कुछ लोगों ने गुजरात और मध्य प्रदेश में भाजपा नेताओं को 'खुश' करने के लिए 'अपनी रीढ़ बेच दी' है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल के आम लोगों के लिए विभिन्न परियोजनाओं के पैसे रोककर 'बदले' की राजनीति कर रही है।

❑ **अभिषेक ने भाजपा पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का राजनीतिकरण करने का लगाया आरोप**

अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उसे 'राष्ट्र-विरोधी' करार दिया और सवाल किया कि केंद्र ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए कड़ी कार्रवाई करने से परहेज क्यों किया। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमने मुद्दों को उठाने के लिए 33 देशों का दौरा किया है, लेकिन कितने लोग वास्तव में हमारे साथ खड़े हैं? दृढ़ संकल्प दिखाने के बजाय, भाजपा सस्ती राजनीति में लिप्त है। केंद्र पाकिस्तान से पीओके क्यों नहीं छीन सकता? उसे ऐसा करने से कौन रोक रहा है? अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रीय हितों को त्यागने और पीओके जैसे संवेदनशील मुद्दों पर निर्णायक रूप से कार्य करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे समय में जब हम विदेश में पीओके पर भारत के रुख को व्यक्त कर रहे थे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल में तुच्छ राजनीति कर रहे थे। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा असली राष्ट्र-विरोधी ताकत है। उनके नेता बंगाल विरोधी हैं।

❑ **अभिषेक ने बिना नाम लिए शुभेंदु अधिकारी पर साधा निशाना**

इस दौरान, उन्होंने बिना नाम लिए शुभेंदु अधिकारी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस दिन से यह तत्व भाजपा में शामिल हुआ है, उसी दिन से भाजपा हार रही है। वे ऑपरेशन बंगाल करेंगे। दादा से चाचा, चाचा से भतीजे तक, तृणमूल को बंगाल की धरती से 50 साल में नहीं हटाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वे जगन्नाथ मंदिर का मजाक उड़ा रहे हैं। जगन्नाथ मंदिर बनाने के लिए ममता बनर्जी को धन्यवाद, अन्यथा आपको उनका असली चेहरा नहीं दिखता।

**Tender Notice**
Prodhan, Ramchandrakhali Gram Panchayat has invited Tender for 3(three) different works from CFCG fund and 3(three) different works from 5th SFC Fund through e-Tender. The detailed information will be available at said Gram Panchayat Office www.wbtenders.gov.in website till 03/07/2025 and 10/07/2025.
Sd/-
Prodhan
Ramchandrakhali Gram Panchayat

## रथयात्रा के दिन पुरी जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद किया जाएगा वितरित : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद 27 जून को रथयात्रा के दिन से पांच दिनों तक तमलुक शहर के एक मंदिर से लोगों के बीच वितरित किया जाएगा। भाजपा के नेता ने यह घोषणा ऐसे समय में की है जब राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार दीघा के जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद पूरे राज्य में लोगों में वितरित कर रही है। शुभेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर दीघा में जगन्नाथ मंदिर के प्रसाद के नाम पर स्थानीय मिठाइयां बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद तमलुक स्थित गौरांग महाप्रभु मंदिर से रथ यात्रा के दिन से पांच दिनों तक लोगों के बीच वितरित किया जाएगा।

### कोलकाता एयरपोर्ट की सुरक्षा पर उठे सवाल, शुभेंदु अधिकारी ने जताई चिंता



नेता प्रतिपक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कोलकाता एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की सीमा बंद नहीं होने के कारण बाहरी लोग अप्रतिबंधित रूप से आ-जा रहे हैं, जो सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी समस्या है। शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोलकाता एयरपोर्ट पर जो चल रहा है, वह सुरक्षा की दृष्टि से बहुत चिंता की बात है। एयरपोर्ट की सीमा बंद नहीं हो रही है, वहां से बाहर के लोग आ जा रहे हैं और यहां से चीन और बांग्लादेश की भी कनेक्टिविटी है। हमने इस (कोलकाता एयरपोर्ट की) बाउंड्री को बंद करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने दो नए रनवे के निर्माण के लिए बजट जारी किया था, जिसका काम भी पूरा हो गया, लेकिन इसे शुरू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इतने संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बाउंड्री को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की गैर- सहयोगी रवैया के कारण एयरपोर्ट के विकास में बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कई बार पूर्व नागर विमानन मंत्रियों ने ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कोलकाता के पास दूसरे एयरपोर्ट के लिए भूमि आवंटन की मांग की, लेकिन कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके अलावा, बेहाला एयरपोर्ट के विकास के लिए भी राज्य सरकार ने सहयोग नहीं दिया, जिससे परियोजना में देरी हुई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:-
**क्रम सं. -1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 10-2025-कालोनी**, कार्य का नाम: मुख्यालय स्थित विभिन्न हॉलों और कार्यालयों में वातानुकूलन की व्यवस्था हेतु विद्युत आपूर्ति की क्षमता में वृद्धि से संबंधित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 3,84,91,888/-, बयाने की राशि: ₹ 3,42,500/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 06 माह।
• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 15-07-2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
• यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी
मुजाधि/विद्युत-66 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलएस/ एसडीएएच/ ओटी/25-003, दिनांक: 23.06.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/सियालदह, पहली मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलएस/एसडीएएच/ ओटी/25-003। कार्य का नाम:** 02 वर्षों के लिए सोनारपुर, नारकेलडांगा, बारासात तथा रानाघाट ईएमयू/एमईएमयू कारशेड में ईओटी क्रेन के लिए वार्षिक रखरखाव ठेका के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,66,602.85। **बयाना राशि:** ₹ 35,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
(SDAH-96/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in
www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

समाज्ञा
हिन्दी दैनिक
आपकी बात सच के साथ

**अलीपुरद्वार मंडल पर पी-वे रख-रखाव का कार्य**
**ई-निविदा सूचना संख्या. 56/W-2/APDJ तारीख: 23-06-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 19-AP-III-2025।** कार्य का नाम: एसएसई/पी-वे/ दोमोहनी अधिक्षेत्र के अधीन पी-वे रख-रखाव का कार्य। **निविदा राशि:** ₹1,86,50,142.20/- **धरोहर राशि:** ₹2,43,300/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 16-07-2025** तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगी: 16-07-2025** तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।
डीआरएम (डब्ल्यू), अलीपुरद्वार जंक्शन
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सूचना संख्या: एमसी_एससी_ एमसीसी_केओएए_2025, दिनांक: 19.06.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता- 700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'दो लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** दो वर्षों के लिए कोलकाता पैसेंजर टर्मिनल, पूर्व रेलवे के कोचों तथा कोचिंग डिपो परिसरों की यांत्रिक सफाई। **निविदा मूल्य:** ₹ 16,91,14,297.79। **बयाना राशि:** ₹ 9,95,600। **ठेके की अवधि:** 24 महीना। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **बोली शुरू होने की तारीख:** 27.06.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 11.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(SDAH-97/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/
www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं [वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के लिए] आमंत्रित की जाती हैं: **एनआईटी संख्या: 90_2025-26, दिनांक: 23.06.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी कार्यस्थल पर अभियंता के अनुदेश के अनुसार टेलर के इस्तेमाल के लिए आवश्यक रेल, स्विच, क्रॉसिंग आदि जैसी सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों तथा ईआरसी, बोल्ट्स एवं नट्स, बेयरिंग प्लेट तथा अन्य पी.वे सामग्रियां भी तथा ट्रक के इस्तेमाल के लिए आवश्यक कन्वेयर बेल्ट्स, कटर, चेन्स, वियर प्लेट, फिटर्स, वाल्वस, सिलिंडर्स, बैटरीज, पम्पस, मोटर्स आदि जैसे ट्रैक मशीन कलपुर्जों का परिवहन सहित यांत्रिक लदायी, उतारना एवं इकट्ठा करना, अलग करना आदि सहित 30 मी. की दूरी के अंदर मल्टीपल ट्रैक्स की सभी लीड, उठाना, क्रॉसिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 4,04,54,805। **बयाना राशि:** ₹ 3,52,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 09 (नौ) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-160/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/
www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

नाफरमानी पर हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी, पूछा...

## 'क्या अब अदालत खुद लोगों को लाकर गिराएगी अवैध निर्माण'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व कोलकाता वेटलैंड में हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को तीखी नाराजगी जताई। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या अब हाई कोर्ट को खुद लोगों को लगाकर अवैध निर्माण गिरवाना पड़ेगा। पूर्व कोलकाता जलभूमि क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों को हटाने को लेकर दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन और पूर्व कोलकाता वेटलैंड्स मैनेजमेंट अथॉरिटी ने अदालत में यह दलील दी कि उनके पास पर्याप्त जनशक्ति और आधारभूत संरचना नहीं है। इस पर, नाराजगी जताते हुए न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने कहा कि दोनों पक्ष कह रहे हैं कि उनके पास संसाधन नहीं हैं। तो क्या अब हाई कोर्ट खुद लोगों को लेकर इन अवैध निर्माणों को गिरवाए? न्यायालय ने निर्देश दिया कि सबसे पहले सभी अवैध निर्माणों की पहचान की जाए, उसके बाद उन्हें हटाने पर अगला निर्णय लिया जाएगा। दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन की ओर से अदालत को जानकारी दी गई कि इस कार्य के लिए कोलकाता नगर निगम के पास बेहतर संसाधन हैं और इसलिए निगम जैसी एजेंसियों को भी इस अभियान में शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने इस प्रस्ताव पर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 560 अवैध निर्माणों की पहचान हो चुकी है, जिनमें बहुमंजिली इमारतें भी शामिल हैं। प्रशासन ने यह भी बताया कि इनमें से 10 निर्माणों को पहले ही ढहा दिया गया है। लेकिन, ज़िले में अभी भी बड़ी संख्या में अवैध निर्माण मौजूद हैं। प्रशासन का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई करने के लिए उनके पास न तो पर्याप्त कर्मचारी हैं और न ही संसाधन। वेटलैंड मैनेजमेंट अथॉरिटी ने भी स्वीकार किया कि जनशक्ति की कमी के कारण और निर्माणों की पहचान नहीं की जा पा रही है। हालांकि, अदालत ने तय किया है कि 26 जून को दक्षिण 24 परगना प्रशासन और वेटलैंड अथॉरिटी संयुक्त निरीक्षण करेंगे। न्यायमूर्ति सिन्हा ने स्पष्ट किया कि पहले अवैध निर्माणों की पहचान पूरी होनी चाहिए, उसके बाद ही हम गिराने की प्रक्रिया पर विचार करेंगे। अदालत ने निर्देश दिया है कि कहां-कहां कितने अवैध निर्माण चिन्हित किए गए हैं, उसकी एक टेबल बनाकर वेटलैंड मैनेजमेंट अथॉरिटी अगली सुनवाई के दिन अदालत में पेश करे। इस मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी।

## ओबीसी सूची विवाद : बंगाल सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**कोलकाता/नई दिल्ली :** ओबीसी कोटे में उप-श्रेणियां जोड़ने के फैसले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने हफ्तेभर पहले राज्य सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगाई थी। फिलहाल, सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की तरफ से पिछली 113 श्रेणियों वाली लिस्ट को बदलकर 140 उप-श्रेणियों वाली लिस्ट लाई गई थी। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सरकार ने 10 जून को विधानसभा में संशोधित ओबीसी-ए और ओबीसी-बी सूची पेश की थी, जिसमें 76 नई श्रेणियों को शामिल किया गया था। इस प्रकार कुल संख्या 140 हो गई। इस लिस्ट में



80 मुस्लिम और 60 गैर-मुस्लिमों को रखा गया। मुस्लिम उप-श्रेणियों की संख्या 77 से बढ़कर 80 की गई थी, जबकि गैर-मुस्लिम श्रेणियों की संख्या 36 से बढ़कर 60 की गई। राज्य सरकार के हालिया फैसले पर हाई कोर्ट ने गत 17 जून को अपना फैसला देते हुए अंतरिम रोक लगाई। हाई कोर्ट में अगली सुनवाई की तारीख 31 जुलाई रखी गई है। हालांकि, फिलहाल बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है।

## कम दबाव के कारण राज्य में एक जुलाई तक व्यापक बारिश की संभावना : आईएमडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कम दबाव का एक क्षेत्र बनने की संभावना के कारण राज्य में एक जुलाई तक व्यापक बारिश होगी तथा कुछ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को यह अनुमान जताया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि पश्चिम बंगाल-ओडिशा तट पर बनने वाले कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से अगले तीन दिनों के दौरान अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने कहा कि अनुकूल हवा के रुख और बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण 27 से 30 जून तक उत्तर बंगाल के कुछ जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण बंगाल में पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्दवान, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, दक्षिण 24 परगना जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि 28 जून को उत्तर बंगाल के जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में भारी बारिश होने की संभावना है तथा जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में एक-दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि समुद्र के अशांत होने की चेतावनी देते हुए आईएमडी ने मछुआरों को आज पश्चिम बंगाल-ओडिशा तट और बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

## परिवहन मंत्री निजी बस मालिक संघों के साथ करेंगे बैठक

### सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बनाने पर करेंगे चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि वह परिवहन बेड़े के आधुनिकीकरण और इसे यात्रियों के अनुकूल बनाने के लिए जुलाई के पहले सप्ताह में निजी बस मालिक संघों के साथ चर्चा करेंगे। इस बैठक में 'यात्री साथी' ऐप को पूरे परिवहन क्षेत्र में लागू करने पर भी चर्चा होगी, जिससे यात्रियों को निर्धारित स्टॉप पर बसों के आगमन की वास्तविक समय पर जानकारी मिल सकेगी।

मंत्री ने बताया कि 'यात्री साथी' ऐप में 'व्हेयर इज माय बस' फीचर को शहर में राज्य परिवहन विभाग द्वारा संचालित कुछ मार्गों पर प्रायोगिक परियोजना के रूप में पहले ही शुरू किया जा चुका है।



इस साल के अंत तक राज्य परिवहन निगम की सभी बसों को इस ऐप से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमें इस मुद्दे पर निजी बस संचालकों के साथ कुछ विषयों को स्पष्ट करना होगा, खासकर चालकों के लिए स्मार्टफोन खरीदने की लागत को लेकर, जिसे (स्मार्टफोन को) ऐप से जोड़ा जाएगा। बस मालिकों के संघ के अलावा बस कर्मचारियों के भी संघ हैं, और हमें उनकी भी राय लेनी होगी। उनका कहना है कि एक अच्छा मोबाइल कम से कम 8,000 रुपये का आएगा और वे यह भी कह रहे हैं कि बस से कई चक्कर लगाने के बाद जो कमाई होती है, उसमें यह खर्च निकालना मुश्किल है। परिवहन मंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग की योजना है कि शहर और आसपास के इलाकों के बस स्टॉप पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं, ताकि यात्रियों को बसों की जानकारी समय पर मिल सके तथा व्यवस्था को बेहतर करके यात्रियों के लिए प्रतीक्षा समय को न्यूनतम किया जा सके।

उन्होंने कहा कि हम बस संचालकों की चिंताओं और आर्थिक समस्याओं को समझते हैं। हम यह विचार भी कर रहे हैं कि निजी बस चालकों के केबिन में एंड्रॉइड फोन लगाने का खर्च कुछ अन्य पक्षों को शामिल करके सरकार खुद वहन करे। लेकिन इसके साथ ही हमें शहर और आसपास के महानगरीय क्षेत्रों में मौजूदा परिवहन व्यवस्था और ढांचे को आधुनिक बनाना भी जरूरी है। मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए सरकार बस संचालकों से यह भी आग्रह करेगी कि वे चालक के केबिन में ऐसे शीशे लगाएं जिनमें दुर्घटना संभावित रास्तों का भी पता चल सके।

**हावड़ा मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

लैडर शिफ्टिंग कार्य के संबंध में, हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-खाना शाखा में खाना स्टेशन पर **दिनांक 22.08.2025 से 25.08.2025 तक 04 दिनों** के लिए प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य और **दिनांक 26.08.2025 से 28.08.2025 तक 03 दिनों** के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य का निष्पादन किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:

**रद्द**

● **बर्द्धमान से:** (1) 63505 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू और (2) 63507 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू **दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025 को।** (3) 63511 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू **दिनांक 26.08.2025 को।** (4) 63513 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू, (5) 63549 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू, (6) 63517 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू, (7) 63523 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू, (8) 63583 बर्द्धमान-रामपुरहाट मेमू और (9) 63011 बर्द्धमान-रामपुरहाट मेमू **दिनांक 26.08.2025 एवं 27.08.2025 को** ● **आसनसोल से:** (1) 63506 आसनसोल - बर्द्धमान मेमू और (2) 63508 आसनसोल - बर्द्धमान मेमू **दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 एवं 27.08.2025 को।** (3) 63512 आसनसोल-बर्द्धमान मेमू **दिनांक 26.08.2025 को।** (4) 63516 आसनसोल - बर्द्धमान मेमू, (5) 63522 आसनसोल - बर्द्धमान मेमू, (6) 63526 आसनसोल-बर्द्धमान मेमू और (7) 63524 आसनसोल - बर्द्धमान मेमू **दिनांक 26.08.2025 एवं 27.08.2025 को।** ● **रामपुरहाट से:** (1) 63584 रामपुरहाट - बर्द्धमान मेमू और (2) 63012 रामपुरहाट-बर्द्धमान मेमू **दिनांक 26.08.2025 एवं 27.08.2025 को।**

**मेल/एक्सप्रेस रद्द**

● **अप ट्रेनें:** (1) 13503 **बर्द्धमान - हटिया मेमू एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (2) 13187 **सियालदह - रामपुरहाट मां तारा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (3) 12337 **हावड़ा - बोलपुर शांतिनिकेतन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (4) 12347 **हावड़ा - रामपुरहाट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (5) 13011 **हावड़ा - मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025), (6) 22321 **हावड़ा - सिउड़ी हूल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (7) 12383 **सियालदह - आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) तथा (8) 13179 **सियालदह - सिउड़ी मेमू एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, और 26.08.2025)।

● **डाउन ट्रेनें:** (1) 13504 **हटिया - बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (2) 13188 **रामपुरहाट - सियालदह मां तारा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (3) 12338 **बोलपुर - हावड़ा शांतिनिकेतन एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (4) 12348 **रामपुरहाट - हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (5) 13012 **मालदा टाउन - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025, 27.08.2025 और 28.08.2025), (6) 22322 **सिउड़ी - हावड़ा हूल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (7) 12384 **आसनसोल - सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) तथा (8) 13180 **सिउड़ी - सियालदह मेमू एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025, और 27.08.2025)।

**मेल/एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन**

● **अप ट्रेनें:** (1) 12343 **सियालदह - हल्दीबाड़ी दार्जिलिंग मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025) बैण्डेल, कटवा, आजिमगंज, जंगीपुर रोड और न्यू फरक्का स्टेशनों पर ठहराव के साथ दमदम-नैहाटी लिंक केबिन-बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज - न्यू फरक्का होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (2) 13017 **हावड़ा - आजिमगंज गणदेवता एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) एवं (3) 13027 **हावड़ा - आजिमगंज कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025) बैण्डेल, अंबिका कालना, नबद्वीप धाम, कटवा, सालार, बाजारसौ, खागड़ाघाट रोड और आजिमगंज स्टेशनों पर ठहराव के साथ बैण्डेल - कटवा - आजिमगंज होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। (4) 12377 **सियालदह - न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025) एवं (5) 13153 **सियालदह - मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025) बैण्डेल, नबद्वीप धाम, कटवा, आजिमगंज, जंगीपुर रोड और न्यू फरक्का स्टेशनों पर ठहराव के साथ दमदम - नैहाटी लिंक केबिन - बैण्डेल - कटवा - अहमदपुर होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। (6) 12345 **हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (7) 13015 **हावड़ा-जमालपुर कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा शुरु दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (8) 13053 **हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025) और 27.08.2025), (9) 13031 **हावड़ा - जयनगर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरु दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (10) 13159 **कोलकाता - जोगबानी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरु दिनांक 25.08.2025), (11) 12363 **कोलकाता - हल्दीबाड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025) एवं (12) 13161 **कोलकाता - बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) बैण्डेल, नबद्वीप धाम और कटवा स्टेशनों पर ठहराव के साथ बैण्डेल - कटवा - अहमदपुर होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। (13) 13147 **सियालदह - बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (14) 13149 **सियालदह - अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (15) 13175 **सियालदह - सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.08.2025), (16) 13173 **सियालदह - सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरु दिनांक 26.08.2025) बैण्डेल, नबद्वीप धाम एवं कटवा स्टेशनों पर ठहराव के साथ दमदम - नैहाटी लिंक केबिन - बैण्डेल - कटवा - अहमदपुर होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी।

● **डाउन ट्रेनें:** (1) 12344 **हल्दीबाड़ी - सियालदह दार्जिलिंग मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025 और 26.08.2025) आजिमगंज, कटवा, नबद्वीप धाम और बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव के साथ आजिमगंज - कटवा - बैण्डेल - नैहाटी लिंक केबिन -दमदम होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (2) 13018 **आजिमगंज - हावड़ा गणदेवता एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) एवं (3) 13028 **आजिमगंज - हावड़ा कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) खागड़ाघाट रोड, बाजारसौ, सालार, कटवा, नबद्वीप धाम और अंबिका कालना स्टेशनों पर ठहराव के साथ आजिमगंज - कटवा - बैण्डेल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। (4) 12378 **न्यू अलीपुरद्वार - सियालदह पदातिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025 और 26.08.2025), (5) 13154 **मालदा टाउन - सियालदह गौड़ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025, 26.08.2025 और 27.08.2025) न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, आजिमगंज, कटवा, नबद्वीप धाम और बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव के साथ अहमदपुर-कटवा-बैण्डेल - नैहाटी लिंक केबिन - दमदम होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। (6) 13148 **बामनहाट - सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025 और 26.08.2025), (7) 13150 **अलीपुरद्वार - सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025 और 26.08.2025), (8) 13174 **सबरूम - सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025), (9) 12364 **हल्दीबाड़ी - कोलकाता इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.08.2025), (10) 13162 **बालुरघाट - कोलकाता तेभागा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) एवं (11) 13176 **सिलचर - सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025) कटवा, नबद्वीप धाम और बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव के साथ अहमदपुर - कटवा - बैण्डेल - नैहाटी लिंक केबिन - दमदम होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। (12) 12346 **गुवाहाटी - हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025 और 26.08.2025), (13) 13016 **जमालपुर - हावड़ा कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025), (14) 13054 **राधिकापुर - हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025) और (15) 13032 **जयनगर - हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.08.2025 और 26.08.2025) कटवा, नबद्वीप धाम और बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव के साथ अहमदपुर - कटवा - बैण्डेल होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी।

**संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू**

**दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025 को:** (1) 63519 **बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी मेमू** बर्द्धमान के बदले आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और बोकारो स्टील सिटी तक जाएगी। (2) 63520 **बोकारो स्टील सिटी - बर्द्धमान मेमू** बर्द्धमान के बदले आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

**पुनर्निर्धारण**

(1) 63063 **बर्द्धमान-तीनपहाड़ मेमू** दिनांक 26.08.2025 को 06.20 बजे के बदले 07.00 बजे तथा दिनांक 27.08.2025 को 06.20 बजे के बदले 07.40 बजे बर्द्धमान से पुनर्निर्धारित की जाएगी। (2) 22301 **हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस** दिनांक 27.08.2025 को हावड़ा से 05.55 बजे के बदले 06.30 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी।

**नियंत्रण**

(1) 12514 **सिलचर - चर्लपल्ली साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.08.2025) मार्ग में 30 मिनट के लिए सुविधानुसार नियंत्रित की जाएगी। (2) 12508 **सिलचर - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अरोनाई एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.08.2025) मार्ग में 1 घंटा 30 मिनट के लिए सुविधानुसार नियंत्रित की जाएगी। (3) 22504 **डिब्रुगढ़ - कन्याकुमारी विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.08.2025) मार्ग में 1 घंटा 50 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

**टिप्पणी:** 13427 / 13428 **हावड़ा - साहिबगंज - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस** दिनांक 26.08.2025 और 27.08.2025 को झापटेर ढाल एवं रामपुरहाट के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को ब्लॉक के दौरान मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जीटीए में 489 शिक्षकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार का आरोप

## कोलकाता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और जीटीए को तलब किया

**कोलकाता :** गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) क्षेत्र में 489 शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर भ्रष्टाचार, नियमों के उल्लंघन और राजनीतिक हस्तक्षेप के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस विषय में पहले ही कोलकाता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। उस याचिका की सुनवाई के दौरान मंगलवार को माननीय न्यायाधीश ने सरकार से पूछा – नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज़ कहां हैं? क्या नियुक्ति की प्रारंभिक अधिसूचना को अदालत में चुनौती दी गई है?



याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शमीम अहमद ने न्यायालय में दलील दी कि राज्य सरकार और गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में भारी विरोधाभास पाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दाखिल कागजातों में जहां 313 शिक्षकों के नाम दर्ज हैं, वहीं जीटीए द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में अलग संख्या है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2010 और 2011 की नियुक्ति अधिसूचनाओं में भी स्पष्ट विसंगतियां मौजूद हैं।

उनका यह भी आरोप था कि इन नियुक्तियों में 1993 के एनसीटीई अधिनियम और शैक्षिक योग्यता से संबंधित नियमों का पालन नहीं किया गया। कई मामलों में तो केवल राजनीतिक प्रभाव के आधार पर नियुक्ति की गई है। याचिकाकर्ता के दूसरे अधिवक्ता विकाशरंजन भट्टाचार्य ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2017 में एक बार में 292 लोगों की नियुक्ति की गई और बाद में 309 अन्य की भी नियुक्ति कर दी गई – उन्होंने इस प्रक्रिया को मूढ़ी-मूढ़की की तरह नियुक्ति की उपमा दी, जिसका आशय है कि नियुक्तियों को बेतरतीब और भारी मात्रा में कर दिया गया।

हालांकि राज्य सरकार के अधिवक्ता जयदीप कर ने पलटकर तर्क दिया कि 2017 की एनसीटीई अधिसूचना के अनुसार नियुक्तियों में छूट दी गई थी और सारी प्रक्रिया आरओपीए नियम 2019 और आरटीई अधिनियम के नियमों का पालन करते हुए पूरी की गई थी। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों को रद्द करने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं एक अन्य अधिवक्ता विश्वरूप ने कहा कि कई अभ्यर्थियों के पास तो पहले से ही मान्य डिग्रियां थीं और उन्हें नियमों के अनुसार ही नियुक्त किया गया है।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने यह टिप्पणी की कि यह स्पष्ट है कि नियुक्ति प्रक्रिया नियमों के अनुसार नहीं हुई। उन्होंने राज्य सरकार और जीटीए की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा – क्या राज्य सरकार इन नियुक्त शिक्षकों के पक्ष में खड़ी है या नहीं, यह स्पष्ट किया जाए।

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 489 शिक्षकों की नियुक्ति की वैधता की पूरी तरह से जांच की जाएगी। इस संबंध में नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी सारी जानकारी और दस्तावेज राज्य सरकार और जीटीए को अगले तीन दिनों के भीतर अदालत में जमा करने होंगे। इस मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी, जिसमें न्यायालय आगे की कार्रवाई तय करेगा।

यह मामला राज्य सरकार और गोरखालैंड प्रशासन के लिए एक बड़ी परीक्षा बनकर सामने आया है, जहां शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर नियुक्ति में संविधानिक नियमों के पालन की अनिवार्यता को लेकर अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है।

# ओबीसी सूची पर स्थगनादेश का असर, एसएससी ने शिक्षक भर्ती विज्ञापन में किया संशोधन

**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती से जुड़ी विज्ञप्ति में स्टाफ सिलेक्शन कमिशन (एसएससी) ने ओबीसी उम्मीदवारों को लेकर बड़ा संशोधन किया है। अब से ओबीसी वर्ग के लिए कोई अलग आरक्षण या विशेष प्रावधान विज्ञापन में नहीं रखा गया है। उन्हें सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की तरह ही आवेदन करना होगा।

एसएससी ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक ओबीसी से जुड़ी अदालत में चल रही मामला पूरी तरह से निपट नहीं जाता, तब तक ओबीसी सूची में शामिल उम्मीदवार जाति आधारित आरक्षण का लाभ नहीं ले सकेंगे। अदालत में अंतिम निर्णय होने के बाद ही ओबीसी उम्मीदवार अपनी जाति का उल्लेख कर आ-



वेदन कर सकेंगे।

वर्तमान में एसएससी की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जनरल और ओबीसी दोनों वर्गों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदव-ारों के लिए यह शुल्क 200 रुपये रखा गया है।

एसएससी ने यह भी कहा है कि ओबीसी से संबंधित मामला निपट जाने के बाद, आयोग आ-वेदन फॉर्म अपडेट करने के लिए एक नई विंडो खोलेगा, जिसमें ओबीसी उम्मीदवार अपना श्रेणी अपडेट कर सकेंगे।

यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब राज्य में शिक्षक नियुक्तियों को लेकर पहले से ही कई विवाद चल रहे हैं। ओबीसी सूची में अनियमितता को लेकर अदालत द्वारा दिए गए स्थगनादेश के चलते, यह संशोधन करना एसएससी के लिए आवश्यक हो गया था।

एसएससी का यह कदम कानूनी प्रक्रियाओं के पालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिससे आगामी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

### राज्य सरकार बेलेघाटा में स्थापित करेगी तैराकी अकादमी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में खेलों के विकास के लिए राज्य सरकार पहले भी कई पहल कर चुकी है। इस बार, सरकार भविष्य के तैराकों को तैयार करने के लिए अकादमी स्थापित कर रही है। राज्य सरकार फुटबॉल, टेबल टेनिस और तीरंदाजी के बाद इस बार राज्य सरकार तैराकी अकादमी शुरू करने जा रही है। राज्य सरकार की प्रस्तावित तैराकी अकादमी पूर्व कोलकाता के बेलेघाटा के स्विमिंग पूल में बनाई जा रही है। बता दें कि राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मानक का स्विमिंग पूल और एक अकादमी बनाने की योजना बनाई थी। अकादमी कहां स्थित होगी, इस बारे में लंबी चर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिया गया है। काफी सोच-विचार के बाद बेलेघाटा स्विमिंग पूल में राज्य सरकार द्वारा संचालित तैराकी अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। स्विमिंग पूल अकादमी में अंतरराष्ट्रीय मानक के ड्रेसिंग रूम, मेडिकल रूम और मीटिंग रूम होंगे।

# 1 जुलाई को सरकारी कर्मचारियों को आधे दिन की छुट्टी, नबन्ना की घोषणा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। 1 जुलाई, यानी डॉक्टर्स डे के अवसर पर, सभी राज्य सरकारी कार्यालयों में अर्धदिवसीय अवकाश (हाफ डे छुट्टी) रहेगा। यह आदेश मंगलवार को राज्य सचिवालय नबन्ना से जारी किया गया।

1 जुलाई को प्रसिद्ध चिकित्सक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिसे पूरे देश में चिकित्सक दिवस के रूप में स्वीकार किया गया है। इस दिन को सम्मान देने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि दोपहर 2 बजे के बाद सभी राज्य सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

हालांकि, सरकार की ओर से यह



भी स्पष्ट किया गया है कि कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस और कलेक्टर ऑफ स्टांप रेवेन्यू के कार्यालयों में यह अवकाश लागू नहीं होगा। ये दोनों कार्यालय पूर्व निर्धारित समय के अनुसार खुले रहेंगे।

सरकार के इस फैसले से राज्य भर के सरकारी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है, वहीं चिकित्सकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का यह एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना जा रहा है।

# चिड़ियाघर की जमीन की बिक्री को लेकर जनहित याचिका

## कोलकाता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने दी मुकदमा दर्ज करने की अनुमति

**कोलकाता :** अलीपुर चिड़ियाघर की जमीन को कथित रूप से बेचने के खिलाफ कोलकाता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने अदालत से सवाल किया है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का उल्लंघन कर राज्य सरकार किस अधिकार से चिड़ियाघर की जमीन की बिक्री कर रही है?

बुधवार को यह मामला जस्टिस सौमेन सेन की डिवीजन बेंच के समक्ष उठाया गया, जहां याचिकाकर्ता ने अदालत का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इस जमीन को लेकर टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। साथ ही, मामले की शीघ्र सुनवाई की मांग की गई।

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस जनहित याचिका को दर्ज करने की अनुमति दे दी है, जिससे यह मामला




अब औपचारिक रूप से कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ सकेगा।

ज्ञात हो कि इससे पहले राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी चिड़ियाघर की जमीन को अवैध रूप से बेचने के आरोप लगाए थे। इस बार वही मुद्दा लेकर कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, अलीपुर चिड़ियाघर के सामने की ओर स्थित जमीन में पहले एक एक्वेरियम, ऑडिटोरियम, पशु चिकित्सालय, नर्सरी और स्टाफ क्वार्टर स्थित थे। अब इनमें से कई संरचनाएं जर्जर हो चुकी हैं और यह आशंका जताई जा रही है कि राज्य सरकार इस जमीन का व्यावसायिक उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

याचिकाकर्ता का दावा है कि यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विरुद्ध है, इसलिए इसकी जांच और कानूनी परीक्षण होना चाहिए। अदालत को यह भी जानकारी दी गई कि टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे जमीन का हस्तांतरण जल्द हो सकता है।

कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका दायर करने की इजाजत दी है और अब आने वाले दिनों में इस पर विस्तृत सुनवाई होगी।

### अब शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति बूथ लेवल अधिकारी के रूप में संभव, चुनाव आयोग ने दी अनुमति

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए तैयारियों की शुरुआत होते ही चुनाव आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य के सरकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, इस बार शिक्षकों और शिक्षिकाओं को भी बूथ स्तर पर ज़िम्मेदारी दी जा सकती है, बशर्ते वे पूर्णकालिक सरकारी वेतनभोगी शिक्षक हों, यानी उन्हें नियमित वेतन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) भी प्राप्त होता हो। हालांकि, इस नियुक्ति के संबंध में चुनाव आयोग ने सतर्कता बरतने का निर्देश भी दिया है। आयोग ने कहा है कि ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका कोई राजनीतिक जुड़ाव या पक्षधरता न हो। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की बीएलओ पद पर नियुक्ति नहीं की जा सकती। इस बारे में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने राज्य के सभी जिलों को निर्देश भेज दिया है। गौरतलब है कि पहले बीएलओ के पद पर केवल ग्रुप सी या उससे उच्च स्तर के सरकारी कर्मचारियों को ही नियुक्त किया जाता था। अब उस शर्त को आंशिक रूप से शिथिल करते हुए, सरकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस भूमिका में नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। इस फैसले से चुनाव आयोग को मानव संसाधन की कमी दूर करने में मदद मिलेगी और आगामी विधानसभा चुनावों में मतदाता सूची अद्यतन व बूथ स्तर पर कार्य अधिक सुदृढ़ तरीके से किया जा सकेगा।

# पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेला 2025 के लिए तैयारियां की तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने आगामी श्रावणी मेला 2025 को लेकर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों को युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। इस क्रम में बुधवार को हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और संबंधित शाखा अधिकारियों ने तारकेश्वर और शेउराफुली जंक्शन स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य मेला अवधि के दौरान संभावित भारी भीड़ को नियंत्रित करना और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना था। श्रावणी मेला, जो 10 जुलाई 2025 से शुरू हो रहा है, में लाखों श्रद्धाल-ुओं के तारकेश्वर आने की संभावना है। यह पूर्व भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, और शिओराफुली जंक्शन एक महत्त्वपूर्ण



ट्रांजिट बिंदु होने के कारण, वहां भी बड़ी संख्या में यात्रियों की आव-ाजाही की उम्मीद है। भीड़ प्रबंधन और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पूर्व रेलवे ने कई महत्त्वपूर्ण उपाय किए हैं, जिनमें अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय, स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था, कार्यशील ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, स्पष्ट उद्घोषणा प्रणाली, अतिरिक्त टिकट काउंटर, बेहतर फुट ओवर ब्रिज और एस्केलेटर सुविधाएं, प्राथमिक चिकित्सा व मेडिकल कैंप, और स्टेशन परिसर में रौशनी की बेहतर व्यवस्था शामिल हैं।

# कोलकाता के दो स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के दो प्रमुख स्कूलों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी के ई-मेल मिले जिसके बाद प्रबंधन ने छुट्टी घोषित कर विद्यार्थियों को घर भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने स्कूल परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिणी हिस्से में आनंदपुर इलाके में स्थित 'कलकत्ता इंटरनेशनल स्कूल' और तालतला में स्थित कलकत्ता बाल विद्यालय को ईमेल प्राप्त हुए, जिनमें दावा किया गया कि दोपहर में कक्षाओं के बीच बम फट जाएगा।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आनंदपुर थाने की एक टीम कलकत्ता इंटरनेशनल स्कूल और एक अन्य टीम तालतला के कलकत्ता बाल विद्यालय पहुंची। श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने दोनों परिसरों और उनके आसपास के इलाकों की गहन तलाशी ली। कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। दोनों शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियों ने धमकी के बाद लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय को सूचित किया। अधिकारी ने कहा कि हमने मामले की जांच शुरू कर दी है। और जानकारी जुटाने के लिए ईमेल के आईपी एड्रेस की जांच की जा रही है।

### अमेजन इंडिया का तीन दिवसीय प्राइम डे 2025 सेल 12 जुलाई से शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 की घोषणा करते हुए बताया कि यह पहली बार तीन दिन तक चलेगा। यह खास सेल 12 जुलाई से 14 जुलाई तक चलेगा। यह सेल प्राइम मेंबर्स के लिए खास तौर पर तैयार की गई है, जिसमें 72 घंटे तक दमदार डील्स, नई लॉन्चिंग्स और जबरदस्त एंटरटेनमेंट का तगड़ा कॉम्बो मिलेगा। प्राइम मेंबर्स को 400 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स की हजारों नई प्रोडक्ट लॉन्चिंग्स पर एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस मिलेगा। स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम-किचन, फैशन, ब्यूटी और ग्रॉसरी समेत सभी कैटेगरी में बड़ी बचत का मौका होगा। साथ ही, आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक कार्ड्स से पेमेंट पर 10% तक अतिरिक्त छूट मिलेगी। मनोरंजन के मोर्चे पर भी प्राइम वीडियो पर भारत, अमेरिका, जापान और कोरिया की 17 नई फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी। अमेजन पे और एआई शॉपिंग असिस्टेंट 'रूफस' से खरीदारी और भी आसान होगी। प्राइम मेंबरशिप अब 1499 में और लाइट व शॉपिंग एडिशन 799 व 399 में उपलब्ध है।

### भारत में नोवो नॉर्डिस्क की वजन कम करने वाली हृदय सुरक्षा युक्त दवा 'वेगोवी' हुई लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** डेनमार्क की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में मोटापा प्रबंधन और हृदय संबंधी जोखिम को कम करने के लिए अपनी नवीनतम दवा 'वेगोवी' लॉन्च की है। यह दवा एक बार साप्ताहिक रूप से दी जाने वाली इंजेक्टेबल जीएलपी-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट है, जो अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए दीर्घकालिक वजन नियंत्रण और प्रमुख हृदय घटनाओं के जोखिम को घटाने में सहायक है। विगोवी अब एक अत्याधुनिक पेन डिवाइस में पांच खुराक क्षमताओं में भारत-विशिष्ट मूल्य निर्धारण के साथ उपलब्ध है। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के प्रबंध निदेशक विक्रांत श्रोत्रिय ने कहा, मोटापा भारत में एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। विगोवी इसका समाधान देने वाला एक प्रभावी और साक्ष्य-आधारित चिकित्सीय विकल्प है। यह दवा जीवनशैली में बदलाव के साथ मिलकर न केवल वजन घटाने में मदद करती है, बल्कि हृदय और चयापचय स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है।

### टिटागढ़ विस्फोट मामले में एनआईए जांच की मांग, हाई कोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** टिटागढ़ में हुए विस्फोट के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग उठी है। इस संबंध में बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर गुरुवार को सुनवाई होने की संभावना है। विस्फोट के मामले को गंभीर मानते हुए अधिवक्ता सूर्यनील दास ने कलकत्ता हाई कोर्ट का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस से जांच कराने से सच्चाई सामने आने की संभावना कम है और इसीलिए केंद्रीय एजेंसी एनआईए से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। बता दें कि घटना 19 मई को टिटागढ़ के बांसबगान इलाके में हुई थी, जब एक बहुमंजिली इमारत में भीषण विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इमारत की दीवारें गिर गईं और बगल की एक टिन की छत उड़ गई। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने स्थानीय पार्षद अरमान मंडल उर्फ मोहम्मद रियाजुद्दीन समेत अरशद खान और मोहम्मद शाहरूख को गिरफ्तार किया है। पार्षद पर यह भी आरोप है कि उन्होंने विवादित फ्लैट पर जबरन कब्जा कर रखा था।

# वर्दवान स्टेशन पर फर्जी टिकट चेकिंग करते पकड़े गए दो युवक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के वाणिज्यिक विभाग ने रेलवे प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्दवान स्टेशन पर दो फर्जी टिकट जांचकर्ताओं को रंगे हाथों पकड़ा। यह घटना बुधवार को सुबह लगभग 11:30 बजे की है, जब बलयोगेश्वर प्रसाद (टीआईसी/वर्दवान), प्रेम कुमार पासवान (मुख्य टीई/वर्दवान) और पुरुषोत्तम कुमार (सीसीटीसी/वर्दवान) की सतर्क निगाहों ने स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों को भांप लिया। दोनों व्यक्ति यात्रियों के टिकटों की जांच करते हुए पाए गए, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर जाकर उनकी नियुक्ति संबंधी प्रमाणपत्रों और सेवा विवरणों की जांच की। पूछताछ और दस्तावेज सत्यापन के दौरान यह



साफ हो गया कि दोनों का भारतीय रेलवे से कोई वैध संबंध नहीं है और वे फर्जी पहचान के आधार पर कार्य कर रहे थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों फर्जी टीटीई को तुरंत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ)/वर्दवान के हवाले कर दिया गया, जहां उनसे पूछताछ जारी है और उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# हेरिटेज स्कूल ने मनाया 24वां स्थापना दिवस, रजत जयंती वर्ष की हुई भव्य शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता ने 25 जून को अपने 24वें स्थापना दिवस को बड़े ही गरिमामय और भावनात्मक ढंग से मनाया। यह अवसर संस्थान के रजत जयंती वर्ष की भव्य शुरुआत का प्रतीक बना। वर्ष 2001 में एक विनम्र प्रयास से शुरू हुआ यह विद्यालय आज देश के प्रमुख मूल्य-आधारित शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत एक पावन हवन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के ट्रस्टियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन विक्रम स्वरूप एवं हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ट्रस्टी विकास अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल (2021-22) के प्रेसिडेंट शेखर मेहता ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शिक्षा की सेवा-भावना और उसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला।

उनके साथ मंच पर उपस्थित प्रमुख



हेरिटेज स्कूल के रजत जयंती वर्ष के लोगो का अनावरण करते हुए रोटरी इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट (2021-22) शेखर मेहता। इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एच. के. चौधरी, सेक्रेटरी एवं संस्थापक ट्रस्टी पद्मश्री सज्जन भजांका, द हेरिटेज स्कूल के चेयरमैन एवं हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन विक्रम स्वरूप, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर प्रबीर रॉय, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल, द हेरिटेज स्कूल के प्रिंसिपल सीमा सप्रू, हाई-टेक सिस्टम्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विवेक दिनोदिया और एनईईटी 2013 के ऑल इंडिया टॉपर व हेरिटेज स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. आयुष गोयल उपस्थित रहे।

हस्तियों में हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एच. के. चौधरी, पद्मश्री सज्जन भजांका (सेक्रेटरी एवं फाउंडर ट्रस्टी), डॉ. आयुष गोयल (एआईआईएमएस नई दिल्ली के कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट एवं स्कूल के गौरवशाली पूर्व छात्र), प्रदीप अग्रवाल (हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ), प्रोबीर रॉय (डायरेक्टर), सीमा सप्रू (द हेरिटेज स्कूल की प्रिंसिपल) और प्रो. बसब चौधरी (हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल) शामिल रहे।

इस अवसर पर रजत जयंती वर्ष का आधिकारिक लोगो अनावरण किया गया, जो संस्थान की 25 वर्षों की उपलब्धियों, मूल्यों और भविष्य की दिशा का प्रतीक है। साथ ही विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'वृत्तांत' का विमोचन हुआ तथा 'संसरन' नामक एक प्रेरणादायक पुस्तक भी लॉन्च की गई, जो हेरिटेज के पूर्व छात्रों की जीवन यात्रा और अनुभवों पर आधारित है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सीनियर स्कूल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें आईसीएसई, आईएससी, आईजीसीएसई और आईबीडीपी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस समारोह में 500 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे, जिससे विद्यालय के प्रति समुदाय की गहरी निष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव स्पष्ट हुआ। जैसे ही द हेरिटेज स्कूल अपने 25वें वर्ष में प्रवेश करता है, यह स्थापना दिवस महज एक औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि उस मूल भावना का उत्सव था, जिसने इस संस्थान की आधारशिला रखी – एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की कल्पना, जो केवल अंक नहीं, बल्कि चरित्र और इंसान गढ़े। यह दिन न केवल इतिहास का उत्सव था, बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी बन गया।

# जोधपुर पार्क में फ्लैट की छत से कूदकर युवती ने दी जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में एक युवती ने फ्लैट की छत से कूदकर जान दे दी। बुधवार को आवास के सामने से उसका रक्तरंजित शव बरामद किया गया। घटना को लेकर जोधपुर पार्क इलाके में काफी हंगामा मचा हुआ है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लेकिन, उसने छलांग क्यों लगाई? क्या इसके पीछे तनावपूर्ण संबंध या पारिवारिक समस्या थी? इसका पता लगाने के लिए लेक थाने ने जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान सायनी शेख के रूप में की गई है। वह बर्दवान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कालना कॉलेज में मनोविज्ञान की छात्रा थी। हालांकि, वह कोलकाता में अपनी बहन के साथ जोधपुर पार्क इलाके में एक आवास में पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रही थी। सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सुबह में आवास के निवासियों ने तेज आवाज सुनी। वे बाहर दौड़कर आए तो देखा कि सायनी लहूलुहान हालत में पड़ी है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, थाने को सूचना दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। स्वाभाविक रूप से मौत के कारणों को लेकर सवाल उठने लगे पता चला है कि युवती 15 साल की उम्र से ही मानसिक रूप से बीमार थी। सुबह कुछ पारिवारिक समस्याएं सामने आईं। बहन से भी विवाद हुआ। क्या यही वजह है आत्महत्या की? पुलिस इसका जवाब तलाश रही है। मृतका के मोबाइल फोन की भी जांच की जाएगी।

# तृणमूल पार्षद पर शराब के नशे में पत्नी की पिटाई का आरोप, थाने में शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद पर शराब के नशे में पत्नी की पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। आरोपी पार्षद का नाम रंजीत मंडल है। वह राजपुर सोनारपुर नगरपालिका के वार्ड 7 का पार्षद है और चेयरमैन इन काउंसिल (सीआईसी) का सदस्य भी है। उसकी पत्नी मिताली मंडल ने रंजीत मंडल के खिलाफ नरेंद्रपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कथित तौर पर, तृणमूल पार्षद अपनी पत्नी को लंबे समय से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इस बार, उसने शराब के नशे में पत्नी की पिटाई कर दी। पिटाई के कारण मिताली गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद उसे सोनारपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका इलाज भी



हुआ। पड़ोसियों का आरोप है कि इस तरह की घटनाएं नई नहीं हैं। रंजीत मंडल पहले भी कई बार शराब के नशे में पत्नी की पिटाई कर चुका है। हालांकि, यह पहली बार है कि मिताली ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने लिखित शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि वे पार्षद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि पार्षद से अभी तक पूछताछ नहीं की गई है।

# पैसे नहीं देने पर बेटे ने की पिता की हत्या, थाने में किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक बेटे पर अपने ही पिता की हत्या का आरोप लगा है। यह घटना उत्तर 24 परगना जिला के बरानगर थाना इलाके की है। मृतक की पहचान ललित कुमार अधिकारी (74) के रूप में की गई है। जबकि, गिरफ्तार बेटे का नाम असित अधिकारी (52) है। असित पेशे से ऑटो चालक है और बताया जा रहा है कि वह नशे का आदी था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, असित अधिकारी गत मंगलवार की देर रात नशे की हालत में घर आया और अपने पिता से पैसों की मांग की। जब पिता ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो बेटे ने गुस्से में आकर कथित रूप से तकिए से मुंह दबाकर पिता की हत्या कर दी। पता चला है कि आरोपी अपने ससुराल में रहता था और कभी-कभी ही अपने पिता के घर आता था। उस रात उसकी मौजूदगी ने किसी को आशंका तक नहीं होने दी थी कि यह मुलाकात एक हत्या में बदल जाएगी। हत्याकांड के बाद असित अधिकारी ने खुद को बरानगर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल को सील कर दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि हत्या के पीछे सिर्फ पैसों का लालच था या कोई और पारिवारिक विवाद भी इसके पीछे था।

# जयंत की 'प्रासाद जैसी इमारत' तोड़ी नहीं जा सकती, कोलकाता हाईकोर्ट का निर्देश

**कोलकाता :** कामारहाटी के युवक जयंत सिंह द्वारा निर्मित 'प्रासादोपम अट्टालिका' यानी महलनुमा भवन को तोड़े जाने पर कोलकाता हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। बुधवार को न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने इस मामले में नगर निगम द्वारा जारी किए गए तोड़फोड़ नोटिस को रद्द कर दिया।

कोर्ट सूत्रों के अनुसार, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने नगर निगम के आदेश को लेकर सवाल उठाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निगम के आदेश में कहीं भी भवन तोड़ने की बात नहीं कही गई थी, बल्कि सिर्फ यह निर्देश था कि भवन खाली किया जाए। इसके बावजूद तोड़फोड़ की नोटिस क्यों जारी की गई, इस पर आपत्ति जताई गई।

कोर्ट ने नगर निगम को निर्देश दिया है कि वह अगले आठ सप्ताह के भीतर जयंत सिंह और अन्य संबंधित पक्षों को बुलाकर सुनवाई आयोजित करे। साथ ही, इस सुनवाई में क्या निष्कर्ष निकला, उसकी पूरी रिपोर्ट कोर्ट को प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया गया है।

जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, जयंत सिंह का भवन नहीं तोड़ा जा सकता। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस हियरिंग की रिपोर्ट मिलने के बाद ही अदालत इस मामले में आगे की कार्रवाई तय करेगी।

इस आदेश से जयंत सिंह को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि स्थानीय प्रशासन द्वारा उनके आवासीय भवन को अवैध निर्माण बताकर हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## हिंडाल्को 12.5 करोड़ डॉलर में अमेरिका आधारित एल्यूकेम कंपनीज इंक का करेगी अधिग्रहण

**कोलकाता :** आदित्य बिड़ला समूह की धातु क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 12.5 करोड़ (125 मिलियन) अमेरिकी डॉलर के उद्यम मूल्य पर विशिष्ट (स्पेशियालिटी) एल्यूमिना की प्रमुख निर्माता अमेरिकी कंपनी एल्यूकेम कंपनीज इंक में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा,यह अधिग्रहण मूल्य-संवर्धित (वैल्यू-एडेड), हाई-टेक मटेरियल्स के क्षेत्र में अग्रणी स्थिति हासिल करने की हमारी वैश्विक रणनीति की दिशा में एक अहम कदम है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 12 देशों में एनआरआई ग्राहकों के लिए यूपीआई सर्विस शुरु की

**कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रवासी भारतीय (एनआरआई) ग्राहक अब अपने इंटरनेशनल मोबाइल नंबर के ज़रिए यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। बैंक के एनआरई या एनआरओ खाताधारक अपने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मोबाइल ऐप के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के रीयल-टाइम यूपीआई ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इस सुविधा के तहत ग्राहक सिर्फ बैंक के ऐप के जरिए ही नहीं, बल्कि अन्य यूपीआई-सक्षम ऐप्स से भी अपने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खाते को लिंक कर सकेंगे। यह सर्विस ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, हांगकांग, मलेशिया, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, यूएई, यूके और यूएसए के एनआरआई ग्राहकों के लिए लागू होगी और महज़ भारतीय रुपए में भारत के भीतर होने वाले ट्रांजेक्शन्स के लिए ही मान्य होगी। आशीष सिंह, हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, हम हमेशा से ही बैंकिंग को सरल और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, ताकि हमारे सभी ग्राहकों को इसका लाभ मिल सके, फिर चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में रह रहे हों।

# उदयनारायणपुर में बाढ़ नियंत्रण के लिए 'दामोदर' नदी पर बन रहे 18 नए पक्के पुल



**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने हावड़ा जिले के उदयनारायणपुर ब्लॉक में बाढ़ से बार-बार तबाह हो रहे संचार नेटवर्क को स्थायी समाधान देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। दामोदर नदी पर अब 18 पक्के पुलों का निर्माण किया जा रहा है, जो हर वर्ष बाढ़ के दौरान ध्वस्त हो जाने वाले लकड़ी के पुराने पुलों की जगह लेंगे। इस परियोजना पर लगभग 45 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं, जिसे राज्य सरकार के मेजर इरिगेशन एंड फ्लड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत अंजाम दिया जा रहा है। इसमें विश्व बैंक और एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश बैंक की संयुक्त वित्तीय भागीदारी है। इस योजना का उद्देश्य बाढ़ से प्रभावित जिलों में स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है, जिनमें हावड़ा भी शामिल है। राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुइयां ने बुधवार को बताया कि नवनिर्मित पुलों में से डिहिभूर्षुट के कालीतला पुल को लोहे से बनाया गया है, जिसे सिचाई विभाग ने 'लो-कॉस्ट ब्रिज' कहा है, जबकि शेष पुल कंक्रीट संरचना वाले हैं। जिन पंचायत क्षेत्रों में ये पुल बनाए जा रहे हैं, उनमें रामपुर-डिहिभूर्षुट-आसोंडा, कूर्ची शिवपुर, सिंटी, कानूपाट मंसूका, गढ़ भवानीपुर सोनातला जैसे स्थान प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) द्वारा अतिरिक्त जल छोड़ने से 'मजा दामोदर' नदी में बाढ़ आ जाती थी। इस बाढ़ से पुराने लकड़ी के पुल बह जाते थे और इलाके का संपर्क पूरी तरह टूट जाता था। इसका असर सबसे ज़्यादा कृषि पर निर्भर ग्रामीणों पर पड़ता था, जिनकी फसल और उपज बाजार तक पहुंच ही नहीं पाती थी। उदयनारायणपुर के विधायक समीर पांजा ने इस परियोजना को लेकर कहा कि लंबे समय से स्थानीय लोग पक्के पुलों की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस जनसमस्या को समझते हुए इसे प्राथमिकता दी और अब बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्थायी समाधान मिल रहा है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्कर गिरफ्तार, 2.43 करोड़ मूल्य का सोना जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 2.4 किलो से अधिक सोना जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 2.43 करोड़ रुपए है। मंगलवार को बांग्लादेश से भारत में लक्ष्मीपुर गांव के रास्ते सोने की तस्करी की जा रही थी, जो सीमा पर जीरो लाइन के करीब है। लक्ष्मीपुर बॉर्डर आउटपोस्ट (बीओपी) पर तैनात बीएसएफ की 67वीं बटालियन के जवानों को उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र से सोने की तस्करी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने कहा कि इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित बीओपी के सभी गश्ती दलों और चेक पोस्टों को हाई अलर्ट पर रखा गया था। मंगलवार को सुबह करीब 7:45 बजे एक मोटरसाइकिल को लक्ष्मीपुर गांव की दिशा से संदिग्ध तरीके से आते देखा गया। मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया। उन्होंने बताया कि सवार के संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए, जवानों ने गहन तलाशी ली और सीट कवर के नीचे प्लास्टिक टेप से लिपटे दो पैकेट मिले। पैकेट के अंदर एक सोने की पट्टी और 16 सोने के बिस्कुट थे। मोटरसाइकिल सवार तस्कर को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया कि सोने का वजन 2.451 किलो है और इसका अनुमानित बाजार मूल्य 2,42,94,960 रुपए है। जब्त किए गए सोने को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान तस्कर ने खुलासा किया कि उसे लक्ष्मीपुर गांव के एक व्यक्ति से सोना मिला था और वह बोयरा गांव के रास्ते बनगांव बस स्टैंड पर एक अज्ञात व्यक्ति को इसे देने जा रहा था। उसे डिलीवरी के बाद 1,000 रुपये प्रति किलो का भुगतान करने का वादा किया गया था।

## मानहानि के मामले में हाईकोर्ट से शुभेंदु को राहत

**कोलकाता :** मानहानि के एक मामले में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इस मामले में राज्य के मंत्री पुलक राय ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। शुभेंदु ने इस मुकदमे पर स्थगन की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। बुधवार को न्यायमूर्ति हिरन्मय भट्टाचार्य ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ निचली अदालत में चल रही मानहानि की सुनवाई पर रोक लगा दी। दरअसल, राज्य के लोक निर्माण विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मंत्री पुलक राय पर शुभेंदु अधिकारी ने उलुबेड़िया में एक जनसभा के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की 'जल जीवन मिशन योजना में फेरूल की खरीद में अनियमितताएं की गई हैं। शुभेंदु अधिकारी की इन टिप्पणियों को अपमानजनक बताते हुए मंत्री पुलक राय ने उलुबेड़िया की महकमा अदालत में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि बिना किसी प्रमाण और केवल मौखिक जानकारी के आधार पर विपक्ष के नेता ने उनके तथा उनके विभाग के अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक बातें कहीं। यह मामला वर्तमान में विचाराधीन है। इस मुकदमे को चुनौती देते हुए शुभेंदु अधिकारी हाईकोर्ट की शरण में गए। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कोलकाता हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि अगली सूचना तक निचली अदालत में इस मानहानि मामले की सुनवाई स्थगित रहेगी। इस प्रकार, शुभेंदु अधिकारी को इस मामले में अस्थायी राहत मिल गई है। कोर्ट के अगले निर्देश तक निचली अदालत में कोई कार्यवाही नहीं होगी।

## दीघा में होटलों के अधिक किराया वसूलने पर प्रशासन सख्त, किराया सूची टांगने का निर्देश

### दीघा में रथयात्रा उत्सव को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ रही भीड़



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के दीघा में रथयात्रा उत्सव को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इस बीच, होटलों द्वारा कई गुना अधिक किराया वसूलने के भी आरोप सामने आ रहे हैं। ऐसे में पूर्व मेदिनीपुर जिला प्रशासन और दीघा-शंकरपुर विकास बोर्ड ने सख्त कदम उठाया है। सभी होटल मालिकों को तत्काल किराया सूची प्रदर्शित करने का आदेश दिया गया है। अगर कोई शिकायत साबित होती है तो होटल संचालकों को सजा हो सकती है। बताया गया है कि एक लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। इस मुद्दे पर, गत सोमवार को जिलाधिकारी पूर्णेन्दु माजी ने दीघा-शंकरपुर विकास बोर्ड के सभाकक्ष में न्यू दीघा व ओल्ड दीघा होटल संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें कई निर्णय लिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि अगर होटलों ने किराया सूची नहीं लगाई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संगठनों ने इस संबंध में दो दिनों का समय मांगा है। होटल संगठनों के प्रतिनिधियों ने यह आश्वासन भी दिया है कि उस समय सीमा के भीतर किराया सूची लगा दी जाएगी। दीघा-शंकरपुर विकास बोर्ड प्रति पर्यटक 10 रुपये पर्यटन कर वसूलता है। होटल अधिकारी उस पैसे को ऑनलाइन जमा करते हैं। आरोप है कि कुछ होटल प्रति पर्यटक के हिसाब से यह पैसा वसूल रहे हैं, लेकिन जमा नहीं कर रहे हैं। अगर ये आरोप साबित होते हैं तो होटल अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लेकटाउन बाल हनुमान मंदिर के ट्रस्टी दिलीप कुमार अग्रवाल का निधन



**कोलकाता :** कोलकाता के लेकटाउन स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर से सक्रिय रूप से जुड़े और मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी दिलीप कुमार अग्रवाल का 25 जून की तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से पूरे अंचल में शोक की लहर दौड़ गई है। दिलीप अग्रवाल न सिर्फ एक समर्पित धार्मिक कार्यकर्ता थे, बल्कि समाजसेवा, धार्मिक आयोजन और मंदिर प्रबंधन में भी उनका विशेष योगदान था। लेकटाउन धाम स्थित बाल हनुमान मंदिर को स्थानीय श्रद्धालुओं के आस्था केंद्र के रूप में विकसित करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार यानि आज 26 जून 2025 को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान 75 बांगड़ एवेन्यू, ब्लॉक डी, कोलकाता से प्रारंभ होकर नीमतल्ला घाट पहुंचेगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दुखद समाचार से समाज्ञा अत्यंत मर्माहत है और स्व. दिलीप अग्रवाल के परिवार तथा बाल हनुमान मंदिर परिवार के प्रति गहरी संवेदना और श्रद्धांजलि प्रकट करता है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु समाज्ञा परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है। उनका जाना समाज और धार्मिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं।

## हुगली में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों का होगा पुनर्गठन, बनाए जाएंगे 563 नए मतदान केंद्र



**हुगली :** वर्ष 2026 में प्रस्तावित पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को हुगली जिला शासक कार्यालय में एक सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के आलोक में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन और संख्या बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मुक्ता आर्य ने की। इस दौरान अतिरिक्त जिलाधिकारी (सामान्य) तरुण भट्टाचार्य, चारों महकमा शासक, ओसी इलेक्शन और जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों के सभी ईआरओ मौजूद थे। साथ ही तृणमूल कांग्रेस, भाजपा, कांग्रेस, सीपीएम, फॉरवर्ड ब्लॉक समेत सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

बैठक में जानकारी दी गई कि 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों को विभाजित कर छोटे बूथों में बदला जाएगा। इसके तहत 79 बूथों की पहचान की गई है, जिन्हें पुनर्गठित कर नए बूथों में जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया री-ऑर्गनाइजेशन के तहत की जाएगी। अब तक जिले में 5237 मतदान केंद्र थे, लेकिन पुनर्गठन के बाद यह संख्या 563 बढ़कर 5800 हो जाएगी। इस प्रस्ताव पर सभी राजनीतिक दलों की सहमति बनी है और इसे चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि बिकास राय ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह निर्णय आवश्यक था और सभी दलों ने इसका समर्थन किया है। वहीं, भाजपा के प्रतिनिधि सुरेश साव ने कहा, हमारी पार्टी लंबे समय से 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों को विभाजित करने की मांग कर रही थी। यह निर्णय स्वागत योग्य है और जिलाधिकारी ने इसकी निगरानी कर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है। बैठक में सभी दलों ने पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## तांत्रिक के वहशीपन से दहल उठा गोघाट, तंत्र साधना के नाम पर नाबालिग से यौनशोषण

**हुगली :** हुगली जिले के गोघाट थाना अंतर्गत बाली ग्राम पंचायत के दीघड़ा इलाके में एक सातवीं कक्षा की नाबालिग बच्ची के साथ तंत्र साधना के नाम पर कथित यौन शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक तथाकथित तांत्रिक बच्ची को तांत्रिक क्रिया के बहाने सुनसान नदी किनारे ले गया और नशीली दवा देकर उसे बेहोश कर दिया। होश में आने पर पीड़िता ने खुद को निर्वस्त्र अवस्था में पाया। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद नाबालिका मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गई और उसने आत्महत्या का भी प्रयास किया। आरोपी ने घटना का जिक्र किसी से न करने की धमकी भी दी थी। लेकिन कुछ दिन पूर्व जब आरोपी ने फिर से घटनाक्रम को दोहराने की कोशिश की, तो साहस जुटाकर बच्ची ने परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद बाली पंचायत की प्रधान व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर पीड़िता के परिवार ने गोघाट थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आरोपी तांत्रिक पहले भी इलाके की कई महिलाओं को अश्लील प्रस्ताव देता था, लेकिन डर और लोकलाज के कारण कोई खुलकर सामने नहीं आया। फिलहाल, आरोपी फरार है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना को लेकर इलाके में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

## कालीगंज में नाबालिग की हत्या मामले में मृतका के घर पहुंची फोरेंसिक टीम



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया ज़िले के कालीगंज इलाके में नाबालिग की हत्या के मामले में बुधवार को फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मृतका के मुलानदी स्थित घर पहुंची। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घर के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है और विशेष रूप से उस स्थान से सैंपल इकट्ठा किए जा रहे हैं, जहां मृतका का शव मिला था। मौके से विस्फोटक (बम) के अवशेष और खून के नमूने भी जुटाए जा रहे हैं। बता दें कि घटना में अब तक कुल 24 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिनमें से पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कालीगंज बम धमाके में नाबालिग की मौत मामले में पांचवी गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज में बम विस्फोट से एक दस वर्षीय नाबालिग लड़की की मौत के मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। बुधवार को शरीफुल शेख नाम के एक और आरोपित को पकड़ा गया, जिससे इस मामले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इससे पहले पुलिस ने मंगलवार तक चार मुख्य आरोपितों को हिरासत में लिया था। कृष्णनगर पुलिस जिले की ओर से बताया गया है कि मंगलवार की तक आदर शेख, मानोवर शेख, कालू शेख और अनवर शेख को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार किया गया था।

## स्कूल में अलग-अलग धर्मों के छात्रों को अलग-अलग मिड डे मील परोसने की जांच के आदेश

**पूर्व बर्दवान :** जिले के पूर्वस्थली (1) ब्लॉक में नसरतपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत स्थित किशोरीगंज मनमोहनपुर प्राथमिक विद्यालय में एक प्राथमिक स्कूल में वर्षों से अलग-अलग धर्मों के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग मिड डे मील पकाये और परोसे जाने की खबर के बाद जिला प्रशासन मामले की जांच में जुट गई है। पूर्व बर्दवान की जिला मजिस्ट्रेट आयशा रानी ने कहा कि हमने स्कूल में जांच दल भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। स्कूल के वर्तमान अधिकारियों और रसोइयों का दावा है कि यह व्यवस्था 2000 से लागू है, जबसे मिड डे मील योजना शुरू की गई थी। उल्लेखनीय है कि इस स्कूल में 72 छात्र हैं, जिनमें 29 मुस्लिम और 43 हिंदू है। वर्ष 2002 से 2022 तक सेवा देने वाले पूर्व प्रधानाध्यापक गोविंदा भद्र ने बताया कि यह व्यवस्था योजना के शुरुआती दिनों से चली आ रही है। पहले केवल एक रसोइया नियुक्त किया गया था। जब एक समुदाय द्वारा आपत्ति जताई गई, तो दूसरे रसोइए को काम पर रखा गया। मैंने इस प्रथा को समाप्त करने के लिए कई बार प्रयास किया और ब्लॉक विकास अधिकारी और स्कूल निरीक्षक को भी सूचित किया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय पंचायत नेताओं ने कहा कि उन्हें इस प्रथा के बारे में जानकारी नहीं है और वे गांव के निवासियों से बात करेंगे। नसरतपुर ग्राम पंचायत के प्रधान कानन बर्मन ने कहा कि हमें इस बारे में जानकारी नहीं दी गई थी। अब जब हमें पता चला है, तो हम बैठक करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह की प्रथा बंद हो।

## नकली सोना गिरवी रखकर 11 लाख रुपये की ठगी, थाने में शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण कोलकाता में नकली सोना गिरवी रखकर 11 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति की पत्नी ने दो स्वर्ण व्यापारियों के खिलाफ पर्णश्री थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जांचकर्ता मामले की जांच कर रहे हैं। पीड़ित व्यवसायी चंदन घोष की पत्नी शम्पा घोष (36) ने पर्णश्री थाने में दर्ज शिकायत में कहा है कि 2022 में दीपक, महेंद्र और कुछ अन्य लोगों ने खुद को स्वर्ण व्यापारी बताया। फिर, उन्होंने सोने का लॉकेट और मंगलसूत्र गिरवी रख लिया। बदले में उन्होंने 11 लाख रुपये उधार लिए। लेकिन, काफी समय बीत जाने के बाद भी उन व्यापारियों ने पैसे नहीं लौटाए। वे गिरवी रखे सोने के गहने छुड़ाने भी नहीं आए।

इस पर, घोष दंपत्ति को संदेह हुआ और उन्होंने सोने के गहनों की जांच की। तभी, उन्हें पता चला कि सोने के गहने नकली हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लेकिन, कई सवाल भी उठ रहे हैं कि सोने के गहनों की जांच पहले क्यों नहीं की गई? घटना 2022 में होने के बावजूद मंगलवार को एफआईआर क्यों दर्ज की गई? क्या आरोपियों ने बीच के सालों में ठगे गए लोगों से बात की? जांचकर्ता सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

## जेल से रिहाई का आदेश लागू करने में लग गए एक साल

**हुगली, समाज्ञा**

हुगली जेल में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां राज्य सजा समीक्षा बोर्ड के आदेश के बाद कैदी को रिहा करने में एक वर्ष लग गए। इस मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा अवमानना का मामला स्वीकार किए जाने के बाद कैदी समीर दास को मंगलवार की शाम हुगली जेल से रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि हुगली के पुरशुरा के दिहाड़ी मजदूर समीर दास को गुस्से में अपनी चाची की हत्या करने के मामले में 2006 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह 20 साल से जेल में बंद थे। राज्य सजा समीक्षा बोर्ड ने उसे सुधार गृह में अच्छे व्यवहार के लिए एक साल पहले रिहा करने को कहा था। इसके बावजूद, जेल से उसकी रिहाई पर अमल नहीं हुआ। न्यायिक विभाग द्वारा आदेश पर अमल नहीं किए जाने के बाद समीर दास ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। गत 13 जून को उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने अवमानना का मामला स्वीकार कर लिया। मामले की सुनवाई आगामी 27 जून को तय की गई है। उससे तीन दिन पहले मंगलवार की शाम को समीर दास को हुगली जेल से रिहा कर दिया गया। रिहा होने के बाद समीर दास ने कहा कि उसका अपना परिवार नहीं है। घर पर उसका एक भाई है। वह वहीं जाएगा। इतने दिनों बाद जेल से रिहा होकर अच्छा लग रहा है।

## डीपीएस रूबी पार्क के छात्रों की राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता, आईएटी 2025 में टॉप रैंक हासिल




**कोलकाता, समाज्ञा :** डीपीएस रूबी पार्क ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। स्कूल के तीन होनहार छात्रों ने आईआईएसइआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उच्च रैंक हासिल की है। इस प्रतिष्ठित विज्ञान प्रवेश परीक्षा में दिशांत बसु ने ऑल इंडिया रैंक 1, सनहत पारिया ने एआईआर 58 और नीलकंठ बसु ने एआईआर 476 प्राप्त कर स्कूल और शहर को गौरवान्वित किया है। इन छात्रों की यह उपलब्धि न केवल दुर्लभ है, बल्कि यह उन्हें भारत के भावी वैज्ञानिक नेतृत्व में शामिल करती है। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी है।

## चोरी हुआ मोबाइल फोन आरपीएफ साइबर सेल ने किया बरामद

### सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मिली पहली बड़ी सफलता



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ जोनल साइबर सेल ने रेलवे यात्रियों की शिकायतों के समाधान और साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में एक उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल तक हाल में मिली अधिकृत पहुंच का लाभ उठाते हुए आरपीएफ ने एक चोरी हुआ मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किया है। यह मामला 24 मई 2025 को सामने आया था जब अंजर इस्लाम ने ट्रेन संख्या 13170 से कटिहार से सियालदह की यात्रा के दौरान अपना मोबाइल फोन खो जाने की शिकायत रेलवे हेल्पलाइन 139 और रेल मदद प्लेटफॉर्म के माध्यम से दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही आरपीएफ के अधिकारियों ने उन्हें सीईआईआर पोर्टल पर आवश्यक विवरण भरने की सलाह दी, जिससे खोए हुए फोन को डिजिटल माध्यम से ब्लॉक कर ट्रेस किया जा सके। नवीन दिशानिर्देशों के तहत आरपीएफ अब सीईआईआर के जरिए सीधे कार्रवाई कर सकती है। इसी प्रक्रिया के तहत आरपीएफ साइबर सेल ने त्वरित डिजिटल निगरानी शुरू की और तकनीकी उपकरणों के सहयोग से उस व्यक्ति की पहचान की, जिसके पास मोबाइल फोन वर्तमान में था। उक्त मोबाइल फोन को रानाघाट आरपीएफ पोस्ट में जमा कराया गया, जहां स्वामित्व और पहचान की पुष्टि के पश्चात इसे अंजर इस्लाम को वापस सौंप दिया गया। फोन की वापसी पर उन्होंने आरपीएफ टीम का धन्यवाद करते हुए उनकी कार्यकुशलता की सराहना की।



समाजसेवी गोवर्धनसिंह राजपुरोहित को मुंबई में राजपुरोहित समाज द्वारा शिक्षा सारथी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बालिका छात्रावास निर्माण हेतु 5 लाख का अनुदान देने की घोषणा की।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रथ यात्रा के शुभ अवसर पर पेश किए खास ऑफर्स और डिजाइन



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड लिमिटेड ने रथ यात्रा के पावन पर्व के अवसर पर विशेष आभूषण डिजाइन और आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। रथ यात्रा, जिसे फेस्टिवल ऑफ चैरियट्स के नाम से भी जाना जाता है, भारत सहित विश्वभर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें ओडिशा और पश्चिम बंगाल के समारोह विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। इस पावन पर्व को समर्पित, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रथ यात्रा की सांस्कृतिक भव्यता से प्रेरित अनूठी ज्वेलरी डिजाइनों की श्रृंखला प्रस्तुत की है, जिनमें भगवान जगन्नाथ, रथ और शुभ प्रतीकों के सूक्ष्म कलात्मक चित्रण शामिल हैं। हर ज्वेलरी पीस हॉलमार्क सोने से बना है, जो इसे पीढ़ियों तक संरक्षित किया जा सके, ऐसा सुनिश्चित करता है।

इस अवसर पर निदेशक एवं प्रमुख मार्केटिंग व डिजाइन, जोइता सेन ने कहा, रथ यात्रा हमारे लिए अत्यंत शुभ पर्व है। हमने परंपरा और आधुनिकता का मेल करते हुए ऐसे डिजाइन तैयार किए हैं जो हर ग्राहक की पसंद के अनुकूल हैं।

हमारी रेंज में सोने और हीरे के जटिल पेंडेंट्स से लेकर मीनाकारी ईयररिंग्स तक शामिल हैं। वहीं, एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन ने कहा, रथ यात्रा के उत्सव को खास बनाने के लिए हम ग्राहकों को सोने की ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में प्रति ग्राम 500 तक की छूट, हीरे की ज्वेलरी पर 15% तक की छूट, पुराने सोने के एक्सचेंज पर कोई कटौती नहीं और मेकिंग चार्ज पर 10% अतिरिक्त छूट प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, 'फ्लेक्सी प्राइस ऑफर' के तहत ग्राहक आज की कीमत पर सोना बुक कर भविष्य में कम या बराबर कीमत पर खरीद सकते हैं, चाहे बाजार भाव बढ़े या घटे।

# साफ पानी जरूरी है सेहत के लिए



नीतू निगम

आपने सभी ने प्यासे कौए की कहानी सुनी व पढ़ी होगी जिसमें एक कौआ प्यासा होता है और जब उसे एक घडे. में पानी मिलता है तो वो उसमें पत्थर डाल डाल कर पानी को ऊपर लाता है और फिर उसे पी कर उड़ जाता है।

इस कहानी का अर्थ है कि प्रयास करने से हर काम सम्भव है लेकिन कहते हैं कि समय के साथ हर किसी चीज का महत्त्व बदल जाता है। अगर इस कहानी के अर्थ को आज के संदर्भ में लिया जाए तो कुछ यूं भी हो सकता है।

पृथ्वी पर पीने का पानी खत्म हो रहा है और पत्थर डाल डाल कर उसे पीने के स्तर पर लिया जा रहा है। लेकिन जिस तरह से पानी को बर्बाद और दूषित किया जा रहा है, वो दिन भी दूर नहीं है जब घड़े में पानी ही नहीं बचेगा।

सोचो अगर पानी खत्म हो गया तो क्या करेंगे? क्या जब तक कोई और विकल्प नहीं मिल जाएगा, तब तक हम सब प्यासे रहेंगे? क्या पानी का कोई और विकल्प हो सकता है? कर दिया न इन सवालों ने आपको परेशान।

अभी भारत में उत्तर पूर्व पश्चिम और दक्षिण में सभी जगह ऐसे बहुत से इलाके हैं जहां पीने का पानी उपलब्ध ही नहीं है और लोगों को रोज़ाना बहुत दूर दूर से पानी भर के लाना होता है। ऐसे में साफ पानी उपलब्ध करना थोड़ा नामुमकिन सा लगता है।

डब्लू एच ओ की 2011 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 38 करोड़ लोग जलजनित रोगों से पीड़ित हैं और पानी से होने वाली आम बीमारी दस्त के कारण लगभग 15 लाख बच्चे अपना पांचवां बर्थडे तक नहीं बना पाते। ऐसे में दूषित पानी से होने वाली बीमरियों से बचना बहुत जरूरी है।

पानी के दूषित होने के कारण।

- उद्योगों और घरों से निकलने वाला गंदा पानी।
- ग्लोबल वार्मिंग।
- खेतों में प्रयोग होने वाली रासायनिक खाद् और पशुओं की खाद् से।
- कार्ड-बोर्ड, अखबार, अल्यूमीनियम, प्लास्टिक बैग्स, शीशा नदियों मे फेंकने से।
- और क्या आपको पता है आप जो कूड़ा कचरा पानी में फेंक देते हैं इसे नष्ट होने में कितना समय लगता है।

| सामान | नष्ट होने में लगने वाला समय |
|---|---|
| कार्ड-बोर्ड | दो हफ्ते |
| अखबार | 6 हफ्ते |
| photodegradable packaging | 6 हफ्ते |
| अल्यूमीनियम | 200 साल |
| प्लास्टिक पैकेजिंग | 400 साल |

**शीशा:–** कितने समय में नष्ट होता है, अभी तक इसका पता नहीं चल पाया है।

अब आप खुद ही सोचिए अगर पानी में इन सभी अजैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती जाएगी तो वो दिन दूर नहीं जब पीने का पानी हमारे पास नहीं होगा। इसलिए पानी को गंदा होने से बचाना होगा और यमुना की तरह एक और नदी को नाला बनने से बचाना होगा और यह तभी हो सकता है जब हर कोई अपनी जिम्मेदारी समझे और नदियों और तालाबों में यह सब चीजें न डाले। वैसे यूरोप के देशों में पानी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कई कानून भी बनाए गए हैं।

अगर आप भी पानी को साफ रखने और बचाने में मदद करना चाहते हैं तो बहुत सी छोटी छोटी बातें हैं जिनका ध्यान रख के आप पानी को बचा सकते हैं।

जब पानी की आवश्यकता नहीं है तो पानी के नल बंद कर दें और अगर नल में से पानी टपकता है तो उन्हें समय से ठीक करा ले।

### गंदा पानी पीने से होने वाली बीमारियां और उनके लक्षण।

- दस्त के सबसे आम लक्षण हैं पानी की तरह पोटी आना।
- सिरदर्द और बुखार होना।
- उल्टी भी लग सकती है।
- और जब इतना कुछ होगा तो कमजोरी आना तो लाजिमी है।

हैजा

- हैजा होने पर चावल के पानी जैसे दस्त होंगे।
- आंतों में दर्द होगा।
- पेट में ऐंठन हो रहेगी।
- उल्टी भी हो सकती है।

टायफायड

- इसके लक्षण भी दस्त और हैजे से कुछ मिलते जुलते से ही हैं।
- हल्का बुखार होना, टायफायड का पहला लक्षण है।
- आंतों में दर्द, ऐंठन, सिर दर्द, कब्ज या दस्त हो सकते हैं।
- बैक्टीरियल पेचिश या खूनी दस्त।
- बुखार, आंत में दर्द।
- पानी की कमी से होने वाली बीमारी को कहते हैं निर्जलीकरण जिसके लक्षण निम्न हैं।

निर्जलीकरण

- कमजोरी के कारण आंखें धंस जाती हैं।
- आंखें निर्मम हो जाती हैं, मतलब की सूखी सूखी सी नजर आएगी।
- होंठ सूख जाते हैं।
- मुंह शुष्क हो जाता है।
- पेशाब होना कम या बिलकुल बंद हो जाता है।
- एकदम पीला पेशाब आता है।
- अचानक वजन घटने लग जाता है।
- पानी से होने वाली बीमरियों से बचने के लिए जरूरी है कि पानी हमेशा साफ करके ही पिया जाए।
- पानी को जब भी पिएं तो उबाल के और छानकर के ही पिएं।
- पानी में क्लोरीन की गोली डाल के भी पानी को साफ किया जा सकता है।

एक समय था जब हर गली नुक्कड़ व दुकानों के बाहर पानी का भरा मटका रखा रहता था लेकिन आज वो ज़माना आ गया है जब पानी पीना है तो आपको खरीद के ही पीना होगा। आजकल तो पानी के लिए लड़ाई झगडे. होना भी आम बात सी हो गई है। आज पानी सोने चांदी से भी ज्यादा कीमती हो गया है। तो पानी की बूंद बूंद का महत्त्व समझिए और पानी का प्रयोग करें लेकिन उसको वेस्ट न करें। (स्वा. द.)

# मच्छरों को करें बॉय

सुनीता गाबा



- घर के आस-पास पानी जमा न होने दें।
- अगर घर के पास गड्ढे हैं तो उन्हें मिट्टी से भर या भरवा दें।
- अगर गमलों में या आसपास पानी जमा हो तो पेट्रोल या मिट्टी का तेल डालें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार बदलें, फूलदान का पानी भी सप्ताह में दो बार बदलें। कूलर में मिट्टी के तेल की कुछ बूंदें डालें।
- बाल्टी, मग उल्टे करके रखें। अगर टूटे डिब्बे,बोतलें आदि हैं तो उन्हें कूड़ाघर में फेंके।
- पानी की टंकी अच्छी तरह से ढक कर रखें। पीने वाले पानी को रोज ताजा भरें।
- खिड़कियों, दरवाजों और बालकनी पर बारीक जाली लगवाएं ताकि मच्छर न आने पाएं।
- गुग्गल के धुएं से, कॉइल्स, मेट्स आदि जलाकर मच्छरों को घर से बाहर भगाएं। मच्छरनाशक स्प्रे छिड़कें ताकि मच्छर उनकी बदबू से घर में न आने पाएं।
- घर में मच्छरनाशक दवा सप्ताह में एक बार अवश्य छिड़कें, छिड़कते समय मुंह,नाक पर कपड़ा बांध लें। थोड़ी देर दरवाजे बंद कर स्वयं बाहर बैंठे। दरवाजों के पीछे,पर्दों,कैलेंडरों,फोटो फ्रेम्स के पीछे जरूर छिड़कें।
- आधे नींबू में खूब सारे लौंग घुसा कर हर कमरे में रखें। यह मच्छर भगाने का प्राकृतिक तरीका है।
- सोने से पहले हाथों-पैरों और शरीर के खुले भागों पर विक्स लगाएं जिससे मच्छर पास नहीं आएंगे।
- गैंदे के फूलों का रस शरीर पर लगाने से भी मच्छर दूर भागते हैं।
- खाने-पीने की सभी चीजों को ढक कर रखें। (स्वा. द.)

# कब्ज से छुटकारा पाएं



मदन भारती

प्राचीन चिकित्साविदों से लेकर आधुनिक चिकित्साशास्त्रियों तक ने एक स्वर में इस तथ्य को स्वीकार किया है कि पेट मानव का भण्डारघर है और कब्ज रोगों की जड़। साधारण समझा जाने वाला यह मर्ज वाकई बहुत नुकसानदेह है।

कब्ज के कारण अल्सर, बवासीर, यकृतदोष, पेटदर्द, सिरदर्द, घबराहट, अजीर्ण आदि अनेक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। कब्ज की बीमारी में स्वाभाविक ढंग से मल साफ नहीं होता और इसका बुरा प्रभाव यकृत और आंतों पर सबसे पहले पड़ता है।

कब्ज इस बात की गवाही भी देता है कि पेट के अंदर किसी यंत्रा में गोलमाल हुआ है। समय से शौच न जाना, बेड टी पीना, मादक द्रव्य सेवन, आलस्य व शरीर में पाचक रसों की कमी भी कब्ज रोग को जन्म देती है। यदि हम अपने आहार विहार को प्रकृति के नियमानुसार संयमित कर लें तो इस रोग से निश्चित ही छुटकारा मिल सकता है। सिर्फ दवाओं के द्वारा इसे स्थायी रूप से दूर नहीं किया जा सकता । यहां प्रस्तुत हैं कुछ नुस्खे और सुझाव जिनसे इस रोग को जड़ से दूर किया जा सकता है।

- गरिष्ठ, बासी व बाजारू वस्तुओं का सेवन न करें। चाय, कॉफी, धूम्रपान व मादक वस्तुओं से भी परहेज करें।
- 'बेड-टी' की जगह 'बेड-वाटर' लेने की आदत डालें।
- नियमित व्यायाम, योगासन व सुबह कुछ देर टहलने की आदत डालें। सूर्योदय से पूर्व बिस्तर अवश्य छोड़ दें।
- 20 ग्राम त्रिफला रात को 250 ग्राम पानी में भिगोकर रख दें। सुबह शौच से पूर्व त्रिफला का निथरा हुआ पानी पी लें। कुछ ही दिनों में कब्ज दूर हो जाएगा।
- रात को सोने से पूर्व एक चम्मच शुद्ध शहद एक गिलास ताजे पानी के साथ मिलाकर नियमित रूप से पीजिए। कब्ज दूर हो जाएगा।
- प्रातः काल बिना कुछ खाए दस दाने काजू, 5 दाने मुनक्का के साथ खाने से भी कब्ज में लाभ होता है।
- रोज रात में हर्रे का बारीक चूर्ण एक चम्मच फांक कर एक गिलास कुनकुना पानी पीने से कब्ज दूर होकर पेट साफ रहता है।
- गाजर-मूली, शलजम, टमाटर, पालक की पत्तियां, चौलाई और बीट की पत्तियों के सलाद में नारियल की गिरी के छोटे-छोटे टुकड़े मिलाकर भोजन के साथ या उसके बाद खाने से पुराना कब्ज भी दूर हो जाता है।
- दो बड़े पके संतरों का रस प्रातः नाश्ते से भी पहले पिएं। सप्ताह भर में ही पुराना कब्ज भाग जाएगा।
- गर्मी के दिनों में सुबह-शाम इसबगोल की भूसी को मिश्री मिले जल में कुछ देर भिगो कर पीने से कब्ज दूर होता है।
- रोजाना प्रातः काल सर्वप्रथम दो सेब खाने से भी कब्ज दूर होता है, हाजमा दुरूस्त रहता है।
- पके टमाटर का रस या सूप प्रतिदिन रात्रि में एक-एक प्याला पीने से कब्ज रोग का नाश हो जाता है।
- एक गिलास ठंडे पानी के साथ नींबू का रस प्रातः काल पीने से कब्जियत में बहुत लाभ होता है।
- एक तोला नींबू का रस, एक तोला शक्कर और दस तोला पानी मिलाकर कम से कम एक माह तक प्रतिदिन रात्रि में सोने से पूर्व पीजिए। कब्ज को दूर कर देगा।
- भोजन में मौसमी सब्जियों, साग, सलाद , दूध, दही, व दाल को प्राथमिकता दें। पेट ठीक रहेगा। (स्वा. द.)

# गर्मियों में पैरों के छालों को अनदेखा न करें

मेघा


गर्मियों में त्वचा का टैन होना, सनबर्न होना, पिंपल्स का बढ़ना यह साधारण त्वचा संबंधी समस्याएं हैं उसमें एक और समस्या भी कभी कभी किसी को हो सकती है पैरों की उंगलियों में छालों का होना। यह गर्मियों में त्वचा संबंधी होने वाली दर्दभरी समस्या है। अधिकतर छाले ज्यादा घर्षण से बढ़ते हैं। पैरों की उंगलियां बंद जूतों में रहने के कारण बार-बार चलते समय उनमें घर्षण होता है तो त्वचा में कई जगह फ्लूयड इकट्ठा हो जाता है जिसे छाले कहा जाता है। आइए जानें छाले पैरों की उंगलियों में क्यों होते हैं और उनमें हम अपने पैरों का बचाव कैसे कर सकते हैं।

**पसीना आने से:–**

गर्मियों में पसीना आना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। अधिक देर तक जूते पहनने वालों को प्रतिदिन कुछ समय के लिए जूते हवा में अवश्य रखने चाहिएं ताकि अंदर जमीं नमी सूख सके, उसके बाद इसका प्रयोग करें।

**जूतों की सही फिटिंग न होना:–**

जूते कभी भी नहीं टाइट होने चाहिए न ही ढीले, क्योंकि गलत आकार के जूतों में पैरों का घर्षण अधिक होने से छालों की समस्या बढ़ा सकती है। इसलिए जूते सही आकार के लें।



**नमी वाले पैर:–**

अगर आप जूते पहनने से पहले पैरों को अच्छी तरह नहीं सुखाते और जुराबें पहन कर जूते पहन लेते हैं तो पैरों और उंगलियों की नमी से आपके पैर और पैरों की उंगलियां गर्मियों में छालों की चपेट में आ सकते हैं। अपने पैर और उंगलियों को अच्छी तरह साफ कर अच्छी तरह से सुखाएं और पैरों की उंगलियों पर टेल्कम पाउडर डालकर जुराबें और जूते पहनें।

**बिना जुराबों के जूते पहनना:–**

बहुत से लोग बिना जुराबों के जूते पहनते हैं. यह बहुत बड़ी गलती है, गर्मियों में बिना जुराबों के जूते पहनना। जुराबें पैरों ओर जूते के बीच होने वाले घर्षण से बचाव करती हैं। बिना जुराबों के जूते पहनना छाले होने का कारण बन सकता है।

**छालों का कैसे रखें ध्यान:–**

- अपने पैरों और उंगलियों पर पेट्रोलियम जेली लगाएं, अगर छाला छोटा है तो बढ़ा होने से बचाएं।
- छाला होने पर बैंड एड लगाकर जूते पहनें।
- गुनगुने पानी में सेंधा नमक डालकर पैर धोएं और थोड़ी देर उसमें पैर रखें। ऐसा करने से सूजन कम होती है और छाले जल्दी सूखते हैं।
- एलोवेरा का जेल निकालकर छालों पर लगाएं क्योंकि एलोवेरा में एंटी बैक्टीरियल और एंटी इफ्लरमेट्री गुण होते हैं जो छालों के इंफेक्शन को बढ़ने नहीं देते और लाली, सूजन को भी कम करते हैं।
- छालों को स्वयं न फोड़ें। अगर छाले बड़े हो गए हैं और तकलीफ ज्यादा है तो डाक्टर के पास जाएं। उन्हीं के परामर्श अनुसार इलाज करें। (स्वा. द.)

# व्यस्त डाक्टरों के पास न जाएं

अशोक गुप्त

प्रायः देखा गया है कि जिन डाक्टरों के पास भीड़ होती है उनके यहां भीड़ ही लगी रहती है और जिनके यहां भीड़ नहीं होती, वे मरीजों की प्रतीक्षा में बैठे रहते हैं। एक सर्वे के अनुसार यह तथ्य सामने आया है कि मरीज को ऐसे डाक्टरों के पास नहीं जाना चाहिए जो बहुत व्यस्त रहते हैं क्योंकि उनकी सलाह या कार्य मरीज के लिए काफी घातक हो सकते हैं।

पिछले दिनों ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के सर्जनों की संस्था ने एक सर्वे किया जिनके अनुसार एक चौथाई से अधिक सर्जन अपने निर्धारित समय से अधिक कार्य करते हैं। सर्वे के अनुसार ज्यादा काम करने वालों की चिकित्सा का अनुभव व योग्यता उनके तनाव के सामने गौण हो सकते हैं और इस कारण उन्हें जल्दी सेवानिवृत्त होना पड़ता है।



सर्वे के अनुसार तीन चौथाई सर्जन अस्पताल प्रबंधन की मांग पर निर्धारित 35 घंटे प्रति सप्ताह के दुगुने समय तक कार्य करने को बाध्य होते हैं। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन ने भी चेतावनी दी है कि इससे चिकित्सकों में तनाव बढ़ता है जो उनके मरीजों के लिए प्राण घातक हो सकता है।

रायल कालेज आफ सर्जन्स के अध्यक्ष के अनुसार चिकित्सकों पर काम का बढ़ता बोझ वाकई काफी चिंताजनक है। ज्यादातर चिकित्सक अपने क्षेत्र में कुशल हैं किंतु अत्यधिक काम का बोझ ही उन्हें परेशान कर देता है जिससे संभव है वे कभी इलाज में कोताही बरतें या कोई ऐसी दवा लिख दें जो कारगर न हों। (स्वा. द.)

# सेहत की खबरें

सोनी मल्होत्रा

## एक्सरसाइज के प्रति पुरूष अधिक गंभीर

विशेषज्ञों के अनुसार पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं में मोटापा अधिक देखने को मिलता है और इससे लोग शायद यही सोचते हैं कि महिलाएं अपने वजन को लेकर अधिक चिंतित होती हैं, इसलिए पुरूषों की अपेक्षा वे एक्सरसाइज पर अधिक बल देती होंगी पर हाल ही में 'साइकॉलोजी ऑफ एडिक्टिव बिहेवियर' के जर्नल में प्रकाशित एक शोध के अनुसार पुरूष एक्सरसाइज के प्रति महिलाओं से अधिक गंभीर होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि पुरूष इस मामले में महिलाओं से दुगुने गंभीर होते हैं और अगर वे किसी दिन एक्सरसाइज कर पाने में असमर्थ रहते हैं तो चिड़चिड़े और तनावग्रस्त हो जाते हैं।

इस शोध में यह भी पाया गया कि जो व्यक्ति शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज करते हैं न कि अच्छा दिखने के लिए या अपनी परफारमेंस में सुधार लाने के लिए, वे एक्सरसाइज पर अधिक निर्भर रहते हैं। यू एस गाइडलाइन्स के अनुसार हृदय के स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन एक घंटा शारीरिक श्रम अवश्य करना चाहिए पर डयूक यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के अनुसार बिलकुल एक्सरसाइज न करने से बेहतर है कि थोड़ी देर एक्सरसाइज की जाए क्योंकि थोड़े समय की गई एक्सरसाइज और साधारण स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज भी स्वास्थ्य लाभ देती है, इसलिए जो व्यक्ति अधिक देर तक एक्सरसाइज करने में असमर्थ है वे थोड़े समय भी एक्सरसाइज करके लाभ पा सकते हैं।

## प्रोस्टेट कैंसर से सुरक्षा देते हैं प्याज और लहसुन

'अगर आप प्याज, लहसुन खाते हैं तो आप प्रोस्टेट कैंसर से अपना बचाव कर सकते हैं', यह कहना है द नेशनल कैंसर इंस्टीटयूट के विशेषज्ञ एनहसिंग का। हाल ही में 'द नेशनल कैंसर इंस्टीटयूट' में प्रकाशित इन विशेषज्ञों द्वारा किए गए शोध के अनुसार जो पुरूष प्याज व लहसुन का अधिक सेवन करते हैं उन्हें प्रोस्टेट कैंसर होने की संभावना कम पायी गयी। इस शोध में 238 प्रोस्टेट कैंसर के रोगियों और 471 स्वस्थ पुरूषों की खाने की आदतों के बारे में जाना गया। जो पुरूष अधिक मात्रा में प्याज, लहसुन का सेवन करते थे, उन्हें इनका सेवन न करने वाले पुरूषों की तुलना में प्रोस्टेट कैंसर होने की संभावना 50 प्रतिशत कम पायी गयी।

## भोजन और व्यायाम प्रभावित करता है हृदय को

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के प्रोफेसर आर. जेम्स बर्नार्ड ने अपने एक शोध में भोजन और व्यायाम के हृदय पर पड़े प्रभाव को जानने की कोशिश की। इस शोध में उन्होंने पाया कि सही भोजन और व्यायाम से व्यक्ति हृदय रोगों से सुरक्षा पा सकता है। सही भोजन से व्यक्ति के रक्तचाप और कोलेस्ट्रोल नियंत्रित रहते हैं। सरकुलेशन में प्रकाशित इस शोध में 11 मोटापाग्रस्त व्यक्तियों को जब कम वसा व रेशेयुक्त भोजन जैसे फलों व सब्जियों का सेवन करवाया गया तो न केवल उनके वजन में कमी आयी बल्कि उनका रक्तचाप भी नियंत्रित रहा। इन ग्यारह व्यक्तियों ने प्रतिदिन पैदल चलने जैसा हल्का व्यायाम भी किया। इस तरह के भोजन और हल्के व्यायाम से व्यक्ति कई गंभीर रोगों की संभावना को कम कर सकता है।

## फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देती है वाइन

कोपनहेगन में 'द इंस्टीटयूट आफ प्रिवेंटिव मेडिसिन' के विशेषज्ञ थामस ट्रूयलसेन द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार हम जो खाते हैं उससे हमारा दिमाग तो प्रभावित होता ही है, साथ ही हम जो पीते हैं उसका भी वृद्धावस्था में हमारे दिमाग पर प्रभाव पड़ता है।

इस शोध के अनुसार जो व्यक्ति सप्ताह में एक बार वाइन पीते हैं उन्हें वाइन न पीने वाले व्यक्तियों की तुलना में 65 वर्ष की आयु के पश्चात स्मृति ह्रास विकसित होने की संभावना 70 प्रतिशत अधिक पायी गयी।

ट्रूयलसेन के अनुसार इसका कारण रेड वाइन में पाए जाने वाले एंटीआक्सीडेंट फ्लेवानाइडस हैं जो हृदय वाहिनियों की फ्री रेडिक्लस से सुरक्षा करते है। फ्री रेडिकल्स अल्जाइमर रोग का तो कारण बनते ही हैं साथ ही वसकुलर डिमेंशिया का भी कारण हैं जिसमें मस्तिष्क को पहुंचने वाले रक्त की पूर्ति में कमी आती है।

## डायबिटिज टाइप 2 के बचाव में कॉफी भी सहायक

डच विशेषज्ञों द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार कॉफी का सेवन टाइप-2 डायबिटिज के होने की संभावना को कम करता है। 17,000 डच पुरूषों व महिलाओं जिनकी आयु 30-60 वर्ष के बीच थी, पर यह शोध किया गया। इस शोध में जिन व्यक्तियों ने प्रतिदिन सात कप कॉफी का सेवन किया, उन्हें दो कप या उससे कम काफी का सेवन करने वाले व्यक्तियों की तुलना में टाइप-2 डायबिटिज़ होने की संभावना 50 प्रतिशत कम पायी गयी परन्तु इस शोध के विशेषज्ञ रॉब वेन डेम के अनुसार कॉफी की अधिक मात्रा का सेवन करते समय उसके अन्य नकारात्मक प्रभावों को व दूरगामी प्रभाव को भी ध्यान में रखना जरूरी है जिसके बारे में विशेषज्ञ अभी किसी परिणाम में नहीं पहुंचे।

## सही जीवनशैली अपना कर ही उच्च रक्तचाप से सुरक्षा मुमकिन है

'द अमेरिकन नेशनल इंस्टीटयूट आफ हेल्थ' के अनुसार मछली का तेल और कैल्शियम के स्रोतों का सेवन हाइपरटेंशन के रोगियों के रक्तचाप को कम करने में कोई खास योगदान नहीं देते। साथ ही हर्बल सप्लीमेंटस और बोटेनिकल सप्लीमेंटस के भी लाभ के बारे में सही-सही कहना मुमकिन नहीं है क्योंकि ये प्रोडक्टस मार्किट में आने से पहले कड़े परीक्षणों से नहीं गुजरते। ' द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' के जर्नल में उच्च रक्तचाप से सुरक्षा पाने के लिए प्रकाशित एक रिपोर्ट में जीवन शैली से संबंधित सुधारों पर विशेष बल दिया गया। शारीरिक श्रम, सही भोजन, सोडियम और अल्कोहल के सेवन पर नियंत्राण, मोटापे पर नियंत्राण द्वारा व्यक्ति उच्च रक्तचाप पर काबू पा सकता है। पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे केला, सेब, बींस, गाजर का सेवन और फलों, सब्जियों व कम वसायुक्त डेयरी प्रोडक्टस जिनमें संतृप्त वसा की मात्रा कम हो, का सेवन उच्च रक्तचाप से सुरक्षा के लिए अच्छा है। उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए प्रतिदिन 2400 एम जी (1 चम्मच नमक) से भी कम सोडियम की मात्रा के सेवन और पोटेशियम की 3500 एम जी से अधिक की मात्रा के सेवन हेतु इस रिपोर्ट में कहा गया।

## पक्षाघात में महिलाएं पुरूषों से भिन्न लक्षण महसूस करती हैं

यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सॉस और यूनिवर्सिटी ऑफ मिशीगन हेल्थ सिस्टम के विशेषज्ञों ने अपने एक शोध के फलस्वरूप पाया है कि स्ट्रोक होने पर महिलाएं पुरूषों से अलग महसूस करती हैं। जिन महिलाओं को स्ट्रोक हुआ, उन्होंने सिरदर्द, चेहरे में दर्द और विकृति महसूस की। पक्षाघात होने पर मस्तिष्क के सेल्स मृत होने लगते हैं। अगर समय पर चिकित्सा मिल जाए तो इन हानियों को कम किया जा सकता है।

पक्षाघात होने पर चलते समय संतुलन में परिवर्तन आदि लक्षण पाए जाते हैं व पक्षाघात में शरीर के एक तरफ के हिस्से में पक्षाघात हो जाता है लेकिन महिलाओं में नवीन लक्षण देखने को मिले। इस शोध में विशेषज्ञ लेविस मोर-गेनस्ट्रन के अनुसार पक्षाघात का निदान करने में और उसके इलाज में यह शोध काफी महत्वपूर्ण है। (स्वा. द.)

# बच्चों को बचाएं ग्रीष्म काल की बीमारियों से

सीतेश कुमार द्विवेदी

ग्रीष्मकाल बच्चों के लिए ही नहीं, बड़ों के लिए भी कई बीमारियां लेकर आता है पर बच्चे अपनी कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के चलते इन बीमारियों की चपेट में अधिक आते हैं। ग्रीष्म काल की प्रमुख बाल बीमारियां हैं-समर डायरिया, सीजनल फीवर, चिकन पॉक्स, स्किन डिजीज, लू लगना आदि।

समर डायरिया ( ग्रीष्मकालीन आंत्रशोथ )

कारण:- दूषित पानी, दूषित भोजन के कारण यह शिकायत अधिक होती है परिणामस्वरूप डिहाइडेक्रशन होता है जो किडनी पर भी बुरा प्रभाव डालता है। यह खतरनाक स्थिति होती है। थोड़ी सी असावधानी इस बीमारी की चपेट में ले लेती है। इससे शरीर में पानी एवं पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। यह समर डायरिया बैक्टीरियल, वाइरल एवं अमीबिक सभी तरह के इंफेक्शन से होता है।

लक्षण:- इसके पीड़ित को तेज बुखार हो सकता है। पेट में दर्द के साथ उल्टी की शिकायत हो सकती है। पानी की तरह अथवा आंव के साथ दस्त होते हैं। उल्टी व दस्त से शरीर में पानी की कमी हो जाती है जो बच्चे के लिए बहुत खतरनाक स्थिति है।



बचाव:- पीड़ित को ओ. आर. एस. अथवा नमक पानी का घोल पिलाएं। इससे उल्टियां बंद हो जाती हैं। शरीर में पानी की मात्रा बनी रहती हैं ताजा जूस अथवा रसीले फल खिलाएं। चिकित्सकीय परामर्श लेकर दवा दें।

सावधानी:- हमेशा स्वच्छ पानी उपयोग में लाएं। स्वच्छ व संतुलित ताजा भोजन लें। खाना हमेशा ढंक कर रखें। खुले हुए अथवा बासी भोजन का सेवन न करें।

लू लगना

कारण:- तेज गर्मी एवं धूप से बच्चों को लू की बीमारी लग जाती है। अचानक तेज धूप से ठण्डे तापमान में आने या ठण्डे तापमान से तेज धूप में जाने से लू की शिकायत होती है।

बचाव:- घर से बाहर निकलने से पहले बच्चे को एक-दो गिलास पानी अवश्य पिलाएं। धूप से ठण्डी जगह अथवा ठण्डी जगह से धूप में अचानक न जाएं। कुछ देर सामान्य तापमान में रहना चाहिए। तेज धूप से आने के बाद तत्काल ठण्डा पानी पीने न दें।

स्किन डिसीज (त्वचा रोग)

कारण:- गर्मी में दूसरी बड़ी समस्या तेज गर्मी के समय त्वचा को लेकर होती है। बदलते मौसम के कारण त्वचा संक्रमित हो जाती है। यह संक्रमण कपड़ों में छिपे बैक्टीरिया के कारण होता है।

बचाव:- मौसम के अनुकूल बाह्य त्वचा पर बेबी जेल, क्रीम, पाउडर, तेल का उपयोग करना चाहिए। माश्चराइजिंग क्रीम का भी बाहर निकलने से पूर्व उपयोग करना चाहिए। त्वचा पर लाल, काले धब्बे होने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

चिकनपॉक्स (छोटी माता)

कारण:- बच्चों को ग्रीष्म में चिकन पॉक्स होने का खतरा बना रहता है। चिकन पॉक्स हुए किसी व्यक्ति के संक्रमण के कारण यह बीमारी बच्चों को होती है।

बचाव:- चिकन पॉक्स होने की स्थिति में बच्चों के स्कूल जाने पर रोक लगाएं। शरीर में लाल दाने दिखाई देने के 48 घंटे के अंदर डॉक्टर को दिखाएं। डॉक्टर बीमारी प्रकट होने के 48 घंटे के भीतर एंटी वायरल दवा इसे बढ़ने से रोक सकती है। चिकनपॉक्स की स्थिति में बच्चे को सादा खाना, रोटी, दाल, चावल दें। खाने में ज्यादा तेल, मसाले का उपयोग न करें।

सीजनल फीवर (मौसमी ज्वर)

कारण:- इस मौसम में सबसे ज्यादा सीजनल फीवर की समस्या होती है। माता-पिता सावधानी बरत कर बच्चे को इससे बचा सकते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने एवं प्रदूषित हवाओं से बच्चों में क्रांस इंफेक्शन बढ़ने लगता है। इससे नाक, कान व गले की शिकायत बच्चों की होती है जो ज्वर का रूप लेता है।

बचाव:- ऐसे ज्वर में सर्दी, खांसी भी साथ होती है। पीड़ित बच्चे को धुल, धुआं, मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, बर्फ गोले से दूर रखना चाहिए। ठण्ड लग कर बुखार हो तो इस मौसम में ऊनी कपड़े नहीं पहनाने चाहिए। (स्वा. द.)

# मट्ठे की उपयोगिता

राकेश गोयल

ग्रामीण परिवारों में मट्ठे को सबसे उत्तम आहार माना जाता है। प्राचीन युग में इसे काल शेय, गोरस आदि नामों से भी पुकारा गया। यह कसैला खट्टा तथा स्वादिष्ट होता है।

ताजे मट्ठे में सौंठ, पीपल तथा काली मिर्च मिलाकर पीने से कफ रोग दूर होते हैं।

ताजे मट्ठे को शरीर पर मालिश करने से त्वचा स्वच्छ तथा मुलायम होगी। खुजली जैसे रोग दूर होंगे। सिर के बालों को खट्ठे हुए मट्ठे से धोने पर बाल घने तथा चमकदार होंगे।

ताजा मट्ठा पीने से संग्रहणी रोग में लाभ होता है। ताजे मट्ठे में चावल और मिश्री मिलाकर एक सप्ताह तक सुबह-शाम खाने पर आधे सिर के दर्द में आराम होता है।

मट्ठा नियमित एक माह तक प्रातः सवेरे प्रयोग करने से कम नींद आने की शिकायत दूर होती है। इसमें सौंठ, सेंधा नमक मिलाकर पीने से वायु के रोगों में लाभ मिलता है।

ताजा मट्ठा यदि सात माह तक भोजन के साथ प्रयोग किया जाए तो बवासीर रोग में लाभ मिलता है। इसके नियमित प्रयोग से खून बहुत स्वच्छ होकर लाल होता है। आंखों के रोग भी दूर होते हैं। (स्वा. द.)

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली: मंगोलपुरी मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने का काम जारी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराए जाने के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वाई ब्लॉक क्षेत्र के पास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके को एक तरह से किले में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एहतियात के तौर पर अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त कंपनियां भी तैनात की गई हैं।

### गृह मंत्रालय ने एनजीओ के पंजीकरण प्रमाणपत्रों की वैधता 30 सितंबर तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत ऐसे सभी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्रों की वैधता बढ़ा दी है, जिनके लाइसेंस 30 जून को समाप्त होने वाले हैं और जिनके नवीनीकरण के लिए आवेदन लंबित हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह राहत 30 सितंबर तक या नवीनीकरण आवेदन पर कार्रवाई होने तक प्रभावी रहेगी। मंत्रालय ने यह भी घोषणा की कि जिन एफसीआरए संस्थाओं के पांच वर्षीय लाइसेंस एक जुलाई से 30 सितंबर के बीच समाप्त हो रहे हैं और जिन्होंने अपने लाइसेंस समाप्त होने से पहले नवीनीकरण आवेदन प्रस्तुत कर दिए हैं या प्रस्तुत करेंगे। ऐसे एनजीओ के पंजीकरण प्रमाणपत्रों की वैधता 30 सितंबर तक या उनके नवीनीकरण आवेदनों पर कार्रवाई होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने सभी एफसीआरए-पंजीकृत एनजीओ को सलाह दी है कि यदि उनके नवीनीकरण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाता है, तो उनके पंजीकरण प्रमाणपत्र की वैधता को अस्वीकृति की तिथि से समाप्त माना जाएगा।

### पटना में नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न, चार लड़के हिरासत में लिए

**पटना :** पटना कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का उसके दोस्तों ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में चार लड़कों को हिरासत में लिया गया है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कानून एवं व्यवस्था-1 (पटना) कृष्ण मुरारी प्रसाद ने संवाददाताओं को बताया, ''मंगलवार रात हमें सूचना मिली कि कोतवाली इलाके में एक नाबालिग लड़की का उसके दोस्तों ने यौन उत्पीड़न किया है। पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए ले गई।'' पीड़िता और उसके परिजन द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### ईरान से 296 भारतीय और चार नेपाली नागरिकों को सुरक्षित लाया गया

**नयी दिल्ली :** इजराइल और ईरान के बीच हालिया संघर्ष के परिप्रेक्ष्य में भारत ने बुधवार को अपने 296 और नेपाल के चार नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इसके साथ ही ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक ईरान से लाए गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 3,154 हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ऑपरेशन सिंधु की अद्यतन जानकारी: 25 जून को 16:30 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंचे एक विशेष विमान से 296 भारतीय और चार नेपाली नागरिकों को ईरान से लाया गया। ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 3154 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया जा चुका है।''

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल को स्वतंत्रता के बाद भारत के इतिहास का एक काला अध्याय बताते हुए बुधवार को कहा कि उस घटना की यादों को जिंदा रखा जाना चाहिए ताकि कोई भी देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की घोषणा की 50वीं बरसी पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को हमेशा याद रखा जाना चाहिए, ताकि देश के युवा और किशोर अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें। उन्होंने कहा कि देश 50 साल पहले आज ही के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगा दिया था। मोदी सरकार इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाती है। उन्होंने कहा, ''आज हम यहां स्वतंत्रता के बाद भारत के इतिहास के एक काले अध्याय को याद करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हमें आपातकाल की यादों को जिंदा रखना चाहिए ताकि यह कभी दोहराया न जाए और देश के युवा सुसंस्कृत एवं संगठित होकर बड़े हों।'' शाह ने कहा, ''ऐसा कहा जाता है कि कुछ बुरी घटनाओं को भुला दिया जाना चाहिए और यह सच भी है। लेकिन जब बात समाज और राष्ट्रीय जीवन की आती है, तो बुरी घटनाओं को हमेशा याद रखना चाहिए...ताकि उनकी कभी पुनरावृत्ति न हो।'' गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया और यह नाम बहुत सोच-समझकर चुना गया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान जिस तरह से देश को जेलखाना बना दिया गया, न्यायपालिका को चुप करा दिया गया और लेखकों पर प्रतिबंध लगा दिए गए, उस पूरे कालखंड का वर्णन बहुत ही कठोर शब्दों में किया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा, ''यह सुनिश्चित करने के लिए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस देश पर अपनी तानाशाही मानसिकता नहीं थोप सके, आपातकाल लागू होने के दिन को याद रखना बहुत महत्वपूर्ण है।''

## पुरी में एआई युक्त कैमरों की निगरानी में निकलेगी रथ यात्रा, छतों पर तैनात रहेंगे एनएसजी के निशानेबाज

**पुरी :** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक कत्रिम मेधा (एआई) युक्त कैमरे लगाए गए हैं । उन्होंने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र बलों सहित सुरक्षाकर्मियों ने भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की एक झलक पाने के लिए देश-विदेश से शहर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए बुधवार को एक रिहर्सल में भाग लिया। रथयात्रा के दौरान देवताओं को साल में एक बार 12 वीं सदी में निर्मित इस मंदिर से बाहर लाया जाता है। भगवान के दर्शन के लिए इस मंदिर में पूरे साल



हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस साल की रथयात्रा का आयोजन हो रहा है इसलिए विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई बी खुरानिया ने इस वृहद महोत्सव के लिए किए गए सुरक्षा इंतजामों को अंतिम रूप देने के बाद कहा, ''पुरी में पहली बार एक एकीकृत कमान और नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उत्तरा चक और पुरी शहर के बीच तथा पुरी और कोणार्क के बीच मार्ग पर लगभग 275 एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से लाइव विजुअल की चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी।'' खुरानिया ने कहा कि एआई संचालित निगरानी प्रणाली यातायात की गतिविधियों, भीड़ की बढ़ती संख्या पर नजर रखेगी और सुरक्षाकर्मियों को तत्काल निर्णय लेने और किसी भी आपात स्थिति का सामना करने में मदद करेगी।

## महाराष्ट्र में हिंदी पहली से नहीं बल्कि पांचवीं कक्षा से पढ़ाई जानी चाहिए : अजित पवार

**पुणे (महाराष्ट्र) :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य के विद्यालयों में पहली कक्षा से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल किए जाने के कदम का विरोध किया और कहा कि इसे पांचवीं कक्षा से पढ़ाया जाना चाहिए। मंगलवार को मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने यह भी कहा कि छात्रों को पहली कक्षा से ही मराठी सीखनी चाहिए ताकि वे इसे अच्छी तरह से पढ़ और लिख सकें। राज्य सरकार ने पिछले सप्ताह एक संशोधित आदेश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों को हिंदी सामान्यतः तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी, जिसके बाद इस पर विवाद पैदा हो गया। सरकार ने कहा कि हिंदी अनिवार्य नहीं होगी तथापि उसने हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा का अध्ययन करने के लिए स्कूल में प्रत्येक कक्षा में कम से कम 20 छात्रों की सहमति अनिवार्य कर दी। पवार ने कहा, ''मुख्यमंत्री ने सोमवार को इस मुद्दे पर एक बैठक बुलाई। मेरा मानना है कि हिंदी को पहली कक्षा से चौथी कक्षा तक शुरू नहीं किया जाना चाहिए। इसे पांचवीं कक्षा से शुरू किया जाना चाहिए। छात्रों को पहली कक्षा से मराठी सीखनी चाहिए और इसे धाराप्रवाह पढ़ने और लिखने में सक्षम होना चाहिए।

## गणतंत्र का सबसे काला अध्याय, लोकतंत्र के सभी स्तंभों पर हमला किया गया: वैष्णव ने आपातकाल पर कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को आरोप लगाया कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के सभी चार स्तंभों पर हमला किया गया। वैष्णव ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग आज संविधान की प्रति लेकर चलते हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि उनकी अपनी पार्टी ने उस काले दौर में प्रेस को सेंसर किया था और राष्ट्र की आवाज को दबाया था। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''भारत लोकतंत्र की जननी है, लेकिन ठीक 50 वर्ष पहले इस लोकतंत्र को गहरा झटका लगा था। देश में आपातकाल घोषित कर दिया गया था। वह दौर हमारे गणतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है।'' संस्कृति मंत्रालय ने 25 जून, 1975 को आपातकाल लागू होने के



50 वर्ष पूरे होने पर त्यागराज स्टेडियम में 'संविधान हत्या दिवस' का आयोजन किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान 21 मार्च, 1977 को आपातकाल हटाए जाने से पहले 21 महीने की अवधि के दौरान की गई प्रेस सेंसरशिप पर प्रकाश डाला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए वैष्णव ने सेंसरशिप के विरोध में 28 जून, 1975 को अखबार 'द इंडियन एक्सप्रेस' द्वारा संपादकीय पृष्ठ को 'रिक्त' छोड़ दिये जाने की एक तस्वीर भी दिखाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आपातकाल के 21 महीनों में लोगों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया, लोकतंत्र के सभी चार स्तंभों पर हमला किया गया, न्यायपालिका की निष्पक्षता पर अंकुश लगाया गया, विधायिका को 'रबर स्टैंप' में बदल दिया गया, कार्यपालिका को भी दबाया गया और मीडिया की कलम तोड़ दी गई एवं प्रेस की स्वतंत्रता को कुचल दिया गया।'' सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि लेकिन कुछ ''साहसी योद्धा'' भी थे जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए उस तानाशाही का मुकाबला किया।

## संविधान का गला घोंटने वाले अब इसके रक्षक बनने की कोशिश कर रहे हैं: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आपातकाल के काले दिनों' को भुलाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 'संविधान का गला घोंटा था, वे आज इसके रक्षक बनने की कोशिश कर रहे हैं'। शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून, 1975 को लगाए गए आपातकाल की बरसी पर मनाए जाने वाले 'संविधान हत्या दिवस' के अवसर पर 'एक्स' पर लिखा, ''इस क्रूर घटनाक्रम के 50 साल पूरे होने पर, भारत उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देता है, जो उस अंधकारमय समय में संविधान को बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित थे।''

## कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान किया स्थापित

**उत्तराखंड, समाज्ञा :** कार्बेट टाइगर रिजर्व पर्यटन के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्ष 2024 2025 में यहां 4,59,395 पर्यटन पहुंचे तथा उनमे से प्राप्त आय 29.80 करोड़ रही। यह उत्तराखंड राज्य के नैनीताल और पौड़ी गढ़वाल जिलों में स्थित है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क को उसकी वन्यजीव, खासकर बंगाल टाइगर के संरक्षण के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है। यह पार्क न केवल एक प्राकृतिक धरोहर है, बल्कि पर्यावरण प्रेमियों पर्यटकों और सफारी का अनुभव करने वालों के लिए भी स्वर्ग के समान है। इस पार्क का कुल क्षेत्रफल 520 वर्ग किलोमीटर है।

## केरल में पीएफआई ने 972 लोगों की सूची बनाई थी जो उसके निशाने पर थे: एनआईए ने अदालत में कहा

**कोच्चि :** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने करीब 972 लोगों को निशाना बनाने के लिए एक सूची बनाई थी जिसमें केरल के एक पूर्व जिला न्यायाधीश का नाम भी है। यह खुलासा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा यहां एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों से हुआ है। एनआईए के इन दस्तावेजों के अनुसार पीएफआई ने अपनी गुप्त 'रिपोर्टर्स विंग' के माध्यम से अन्य समुदायों के लोगों के पद, नाम, आयु, तस्वीर समेत व्यक्तिगत जानकारी जमा की। एनआईए ने दावा किया कि पीएफआई की तीन इकाई हैं जिनमें 'रिपोर्टर्स विंग', 'फिजिकल एंड आर्म्स ट्रेनिंग विंग/पीई' और 'सर्विस




विंग/हिट टीम्स' हैं। दस्तावेजों में दावा किया गया है कि पीएफआई के अर्द्ध-खुफिया विभाग के रूप में काम करने वाली 'रिपोर्टर्स विंग' ने समाज के प्रमुख व्यक्तियों के अलावा अन्य समुदायों, विशेषकर हिंदू समुदाय के नेताओं की निजी और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की, जिसमें उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियां भी शामिल थीं। एजेंसी ने अदालत से कहा, ''डेटा को पीएफआई के जिला स्तर पर संकलित किया जाता है और उनके राज्य पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है। विवरण नियमित रूप से अद्यतन किए जाते हैं और आतंकवादी गिरोह द्वारा आवश्यकतानुसार व्यक्तियों को निशाना बनाने के लिए उपयोग में लाए जाते हैं।'' विशेष एनआईए अदालत के आदेश में इन दस्तावेजों की सामग्री का उल्लेख किया गया जिसने 2022 के एस के श्रीनिवासन हत्या मामले में कुछ आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीनिवासन की 16 अप्रैल, 2022 को कथित रूप से पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने उनकी दुकान पर हत्या कर दी थी।

## विवादित असम-मेघालय सीमा पर तनाव; भीड़ ने पौधे उखाड़े, सुरक्षा ढांचों को तोड़ा

**शिलांग :** असम-मेघालय राज्यों की विवादित सीमा के समीप बसे एक गांव में बुधवार को तनाव पैदा हो गया और भीड़ ने कई पौधे उखाड़ दिए एवं पौधों की सुरक्षा के लिए बनाए गए लकड़ी के ढांचे को जला दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लापांगाप गांव में असम के कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) द्वारा पौधा रोपण अभियान का आयोजन किया गया। लापांगाप के जिस पहाड़ी इलाके पर यह घटना घटी उस पर मेघालय के पश्चिमी जयंतिया पर्वतीय जिले के निवासी और असम के कार्बी आंगलोंग जिला निवासी अपना-अपना क्षेत्र होने का दावा करते हैं। मेघालय के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों के समर्थन से लापांगाप और अन्य गांवों के लगभग 400 लोग पौधरोपण वाले क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने पौधों को उखाड़ दिया और लकड़ी के ढांचे को जला दिया। उनका दावा था कि असम पौधरोपण करके उनके राज्य में अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा है। पश्चिमी जयंतिया पर्वतीय जिले के उपायुक्त अभिनव कुमार सिंह ने बताया कि पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''केएएसी द्वारा (पश्चिम जयंतिया पर्वतीय) जिला प्रशासन को पूर्व सूचना दिए बगैर ही पौधा रोपण किया गया।'' उन्होंने बताया कि पौधा रोपण के बारे में जिला प्रशासन तक एक सप्ताह पहले ही सूचना पहुंच गई थी और आज शांति बैठक होनी थी तथा इसके लिए क्षेत्र के लोगों को उस स्थान पर जाने से रोक दिया गया।

## निर्वाचन आयोग ने उपचुनावों के लिए इंडेक्स कार्ड 72 घंटे से भी कम समय में जारी किए

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बताया कि उसने हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नये डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे के भीतर जारी कर दिये। इंडेक्स कार्ड एक गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल में पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नये डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित किए गए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं। ईसीआईएनईटी की शुरुआत से पहले, इंडेक्स कार्ड के प्रकाशन में कई दिन, सप्ताह या यहां तक कि महीने भी लग जाते थे क्योंकि अधिकारी डेटा मैन्युअल तरीके से भरते थे और सत्यापित करते थे।

## नागपुर और छत्तीसगढ़ में ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले किशोर हिरासत में लिए गए

**नागपुर :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नागपुर और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग घटनाओं में यात्री ट्रेन पर पत्थर फेंकने के आरोप में दो किशोरों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आरपीएफ के नागपुर मंडल द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि पहली घटना एक मई को हुई जिसके तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग में रेलवे पटरियों के किनारे इमली तोड़ते समय 13 वर्षीय एक लड़के ने पुरी-इंदौर एक्सप्रेस पर पत्थर फेंका। अधिकारियों के अनुसार, दूसरे मामले में अनिल पाल ने अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के नागपुर शहर से गुजरते समय ट्रेन में पत्थर फेंके, जिससे ट्रेन की खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई। पाल ने स्वीकार किया कि उसने यह सब सिर्फ़ मौज-मस्ती के लिए किया था।

## अपराधी का सुधार नहीं होना समाज के लिए ही सजा है: अदालत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कहा है कि सुधार का समाज में एक बड़ा उद्देश्य होता है और यदि समाज किसी अपराधी को सुधार नहीं सकता, तो यह खुद समाज के लिए ही एक सजा बन जाता है। दिल्ली की एक अदालत में पेश तीन लोगों पर जालसाजी का आरोप था, जिसमें अमीर परिवार के बच्चों को राजधानी के प्रतिष्ठित विद्यालयों में दाखिला दिलाया गया था। इन दाखिलों के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), उपराष्ट्रपति सचिवालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के फर्जी सिफारिशी पत्रों का इस्तेमाल किया गया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 50-वर्षीय उवैस-उर-रहमान और 40-वर्षीय उदय कुमार को, अपराध स्वीकार करने के बाद, उनके द्वारा काटे गये कारावास के बराबर सजा सुनाई और प्रत्येक पर 30,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों ने 2012 के मामले की सुनवाई के दौरान करीब तीन महीने न्यायिक हिरासत में बिताए थे। न्यायाधीश ने नौ जून को दिए गए अपने आदेश में, 39-वर्षीय सह-आरोपी असगर अली को भी अदालत की एक दिन की कार्यवधि के बराबर की सजा सुनाई और 30,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

## हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में अचानक आई बाढ़ से दो लोगों की मौत, 20 के बह जाने की आशंका

**शिमला/धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश में बुधवार को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोगों के बह जाने की आशंका है। कांगड़ा जिले में मनुनी खड्ड से दो शव बरामद किए गए, जबकि इंदिरा प्रियदर्शिनी जलविद्युत परियोजना स्थल के पास एक श्रमिक कॉलोनी में रह रहे लगभग 15-20 श्रमिकों के खनियारा मनुनी खड्ड में जल स्तर बढ़ने के कारण बह जाने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, बारिश के कारण परियोजना का काम रोक दिया गया था और श्रमिक निर्माण स्थल के पास



अस्थायी आश्रयों में आराम कर रहे थे, तभी मनुनी खड्ड और आसपास के नालों से बाढ़ का पानी श्रमिक कॉलोनी की ओर आ गया और श्रमिकों को बहा ले गया। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग की टीम खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए मौके पर पहुंच गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना से जुड़े कुछ स्थानीय श्रमिक सुरक्षित हैं।

## जांच एजेंसियों और पुलिस को वकीलों को तलब करने की अनुमति देना न्याय प्रशासन के लिए खतरा: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा सीधे तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और ऐसा करना न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए ''प्रत्यक्ष खतरा'' है। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। पीठ ने कहा, ''जांच एजेंसियों/पुलिस को किसी मामले में पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को सीधे तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा।''

# थरूर पर खरगे का कटाक्ष : कुछ लोगों के लिए 'मोदी फर्स्ट', हमारे लिए देश पहले है

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी सांसद शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ किए जाने को लेकर बुधवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोगों के लिए 'मोदी फर्स्ट' है, लेकिन मुख्य विपक्षी दल के लिए देश सबसे पहले हैं। थरूर ने सोमवार को एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे लेख में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक ''अहम पूंजी'' बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ किए जाने के बारे



में पूछने पर, खरगे ने संवाददाताओं से तंज भरे लहजे में कहा, ''अंग्रेजी मुझे पढ़नी नहीं आती। उनकी भाषा बहुत अच्छी है। इसलिए तो उन्हें पार्टी की कार्य समिति का सदस्य बनाया है।'' 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, ''सभी विपक्षी दलों ने कहा कि हम देश की सेना के साथ हैं। पहले मैंने गुलबर्ग में यह कहा था कि देश सबसे बड़ा है, सब मिलकर आवाज उठाएंगे। हमने कहा था कि देश पहले है। चंद लोग ऐसे हैं जिनके लिए 'मोदी फर्स्ट' और देश बाद में हैं। अब हम क्या करें?।'' थरूर की टिप्पणी से संबंधित एक अन्य सवाल पर खरगे ने कहा, ''जिसको जो लिखना आता है वह लिखेंगे, उसको लेकर हम अपना दिमाग नहीं लगाना चाहते हैं। हमारा एक लक्ष्य है कि देश में एकता रहे, देश की सुरक्षा रहे। देश के लिए हम लड़ते रहेंगे, किसी की बात पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।'' कांग्रेस अध्यक्ष की इन टिप्पणियों के बाद थरूर ने किसी का नाम लिए बगैर 'एक्स' पर एक व्यंग्यात्मक पोस्ट किया। उन्होंने एक चिड़िया की तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, ''उड़ने की इजाजत मत मांगो। पंख तुम्हारे हैं, आसमान किसी का नहीं है।''

## दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की सैर कराएगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

### भागलपुर से रवाना होगी विशेष ट्रेन, 27 जुलाई से शुरू होगी 12 दिवसीय यात्रा

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड इस वर्ष जुलाई में भागलपुर से एक विशेष पर्यटक ट्रेन भारत गौरव ज्योतिर्लिंग दर्शन सहित दक्षिण भारत यात्रा का संचालन करेगा। यह ट्रेन 27 जुलाई से 7 अगस्त 2025 तक चलेगी और यात्रियों को दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन कराएगी।यात्रा के दौरान श्रद्धालु तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे पवित्र स्थलों का भ्रमण करेंगे। यह यात्रा 11 रात और 12 दिन की होगी और इसमें स्लीपर क्लास और एसी




3-टियर दोनों विकल्प उपलब्ध रहेंगे।खठउढउ के अनुसार, ट्रेन में कुल 720 स्लीपर क्लास और 70 एसी 3-टियर सीटें उपलब्ध होंगी। प्रति व्यक्ति यात्रा शुल्क स्लीपर क्लास के लिए 22,760 और एसी 3-टियर के लिए 39,990 निर्धारित किया गया है, जिसमें लगभग 33 प्रतिशत की विशेष रियायत शामिल है।यात्रियों के लिए भागलपुर, जसीडीह, मधुपुर, बराकर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा, चांपा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे स्टेशनों से बोर्डिंग की सुविधा रहेगी।यात्रा पैकेज में यात्रा, आवास, शुद्ध शाकाहारी भोजन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, ट्रांसपोर्ट और गाइड सुविधा शामिल होगी। आईआरसीटीसी ने श्रद्धालुओं से समय पर बुकिंग सुनिश्चित करने की अपील की है, क्योंकि सीटें सीमित हैं।रेल मंत्रालय की भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत यह यात्रा न सिर्फ धार्मिक आस्था को सशक्त करेगी, बल्कि देश के सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर तीसरे स्थान पर रही



**बर्लिन :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंतत: तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम हालांकि अधिक समय तक जश्न नहीं बना सकी क्योंकि पांच मिनट बाद ही रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने इसके बाद अंतिम क्वार्टर में अजीत के गोल से बढ़त बनाई और जीत सुनिश्चित की। पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी के खिलाफ 1-7 की करारी हार के साथ शुरुआत की थी लेकिन अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर वापसी की। टीम को अपने अंतिम लीग मैच में स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।

## पंत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर



**दुबई :** भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं।

# भारत के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा



**लीड्स :** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं और उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा और मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं।'

### पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं: गंभीर

**लीड्स :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है।

## विश्व कप जीत के 42 साल : वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट की कामयाबी की नींव रखी



**नयी दिल्ली :** पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो। कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था ,'जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी। ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था। मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।' महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था ,' वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं।' द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसी-सीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है। गावस्कर ने कहा ,'हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही।' विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डर्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा ,'हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन श्रृंखला चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा। दो साल पहले अहमदाबाद में अडाणी समूह ने टीम को सम्मानित किया था।' भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने हाल ही में पीटीआई के एक पॉडकास्ट में कहा था ,'1983 बहुत बड़ी बात थी। कपिल देव, संधू, मदन लाल, रोजर बिन्नी, संदीप पाटिल को लॉर्डस पर देखना बहुत बड़ी बात थी।

## न्यूज अपडेट

### ऋषभ, धिनिधी और रोहित सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में चमके

**भुवनेश्वर :** महाराष्ट्र के ऋषभ अनुपम दास ने बुधवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के चौथे दिन दो मिनट 0.65 सेकेंड के समय से श्रीहरि नटराज का प्रतियोगिता रिकॉर्ड तोड़कर और सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की 15 साल की ओलंपियन धिनिधी देसिंघु ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 56.78 सेकेंड के समय से नया रिकॉर्ड बनाया। विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने प्रतियोगिता में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के तैराक रोहित बेनेडिकशन ने इसकेबाद 50 मीटर बटरफ्लाई में 24.11 सेकेंड के समय से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### हार्बर डाइमंड्स पुरुष बंगाल प्रो टी20 लीग के सेमीफाइनल में

**कोलकाता :** हार्बर डाइमंड्स बुधवार को यहां श्राची रार टाइगर्स को 18 रन से हराकर बंगाल प्रो टी20 लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी। हार्बर डाइमंड्स ने सात मैच में पांच जीत से 10 अंक जुटाए। बारिश के कारण नौ ओवर के हुए मैच में हार्बर डाइमंड्स ने अभिषेक रमन की 15 गेंद में 32 और राहुल प्रसाद की सात गेंद में नाबाद 16 रन की पारी से आठ विकेट पर 87 रन बनाए। इसके जवाब में बलकेश यादव के दो विकेट की बदौलत हार्बर डाइमंड्स ने श्राची रार टइगर्स को पांच विकेट पर 69 रन के स्कोर पर रोक दिया। श्राची रार टाइगर्स की ओर से गौरव चौहान ने सर्वाधिक 33 रन बनाए।

### शार्दुल की जगह दूसरे टेस्ट में कुलदीप को मिल सकती है जगह

**नयी दिल्ली :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं। शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं।

### हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे। वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, 'हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं।'



## सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स 700 अंक चढ़ा



**मुंबई :** ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक यानी 0.85 प्रतिशत चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा, 'मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी।

## टाटा संस, सिंगापुर एयरलाइंस ने 2024-25 में एयर इंडिया में 9,558 करोड़ रुपये का निवेश किया

**नयी दिल्ली :** टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस ने घाटे में चल रही एयर इंडिया में 2024-25 में 9,558 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसमें प्रवर्तकों ने इस साल मार्च में अकेले 4,306 करोड़ रुपये डाले हैं। जनवरी, 2022 से टाटा द्वारा संचालित इस एयरलाइन ने एक महत्वाकांक्षी पांच वर्षीय परिवर्तन योजना शुरू की है। नवंबर, 2024 में टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम विस्तारा का एयर इंडिया में विलय कर दिया गया, जिसके बाद सिंगापुर की इस एयरलाइन ने एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली।वित्तपोषण के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि उसके शेयरधारकों ने एयरलाइन की पूंजीगत जरूरतों को पूरा करने के लिए 2024-25 में 9,500 करोड़ रुपये से अधिक की नई पूंजी डाली है।टाटा संस ने एयर इंडिया में 3,224.82 करोड़ रुपये और सिंगापुर एयरलाइंस ने 6,333.18 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### वीवो ने टी4 लाइट 5जी किया लॉन्च, युवाओं के लिए किफायती और दमदार स्मार्टफोन

**कोलकाता, समाज्ञा:** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने भारतीय युवाओं को ध्यान में रखते हुए वीवो टी4 लाइट 5जी लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन 6000 एमएएच की बड़ी बैटरी, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 प्रोसेसर और 50एमपी सोनी एआई कैमरे से लैस है। इसमें 1000 निट्स ब्राइटनेस के साथ सेगमेंट का सबसे ब्राइट डिस्प्ले भी दिया गया है। यह डिवाइस स्लिम और प्रीमियम डिजाइन में उपलब्ध होगा, जिसमें चार्जर बॉक्स के साथ शामिल है। कंपनी का दावा है कि बैटरी की हेल्थ 5 साल तक बनी रहेगी। टी4 लाइट 5जी की बिक्री 2 जुलाई से फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी अधिकृत रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। वीवो का यह स्मार्टफोन युवाओं को शानदार परफॉर्मेंस, स्टाइल और किफायती दाम में आधुनिक 5जी तकनीक उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम है।

# जियो मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा जोखिम था: अंबानी



**नयी दिल्ली :** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने 2016 में रिलायंस जियो के साथ दूरसंचार उद्योग में कदम रखने के फैसले को अपने जीवन का ''सबसे बड़ा जोखिम'' बताया है। उन्होंने कहा कि यदि विश्लेषकों की वित्तीय विफलता की भविष्यवाणी सच भी हो जाती तो भी भारत को डिजिटल रूप से बदलने में इसकी भूमिका को देखते हुए यह जोखिम उठाना उचित होता। वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी 'मैकिन्से एंड कंपनी' के साथ साक्षात्कार में एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 4जी मोबाइल नेटवर्क शुरू करने में अपने स्वयं के अरबों डॉलर का निवेश किया था। इसको लेकर कुछ विश्लेषकों का कहना था कि यह वित्तीय रूप से सफल नहीं हो सकता है क्योंकि भारत सबसे उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, ' लेकिन मैंने अपने निदेशक मंडल से कहा कि सबसे खराब स्थिति यह होगी कि हमें ज्यादा 'रिटर्न' नहीं मिलेगा। तो यह ठीक है, क्योंकि यह हमारा अपना पैसा है लेकिन रिलायंस के रूप में, यह भारत में हमारा अब तक का सबसे बड़ा परोपकारी काम होगा क्योंकि हम भारत का डिजिटलीकरण कर देश को पूरी तरह बदल चुके होंगे।' जियो को 2016 में पेश किए जाने के बाद से, जियो ने मुफ्त 'वॉयस कॉल' और बेहद कम लागत वाला डेटा प्रदान करके भारतीय दूरसंचार बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे प्रतिस्पर्धियों को कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और देश भर में तेजी से डिजिटल अपनाने को बढ़ावा मिला है। जियो के आने से पहले भारत में मोबाइल इंटरनेट अपेक्षाकृत महंगा था और आबादी के बड़े हिस्से की इस तक पहुंच नहीं थी। इसके आने से कीमतों में उतार-चढ़ाव शुरू हुआ जिससे डेटा की लागत में उल्लेखनीय कमी आई और ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित लाखों भारतीयों के लिए इंटरनेट तक पहुंच सस्ती हो गई। इसका नतीजा यह हुआ कि इंटरनेट की पहुंच बढ़ी। भारत में अब 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, और यह आंकड़ा इसे वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े ऑनलाइन बाजारों में से एक बनाता है। इसने डिजिटल समावेशन को तेज किया क्योंकि किफायती डेटा ने डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद की है।

## मंत्रिमंडल ने पुनर्वास के लिए 5,940 करोड़ रुपये के संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दी



**नयी दिल्ली :** सरकार ने झारखंड के कोयला क्षेत्र झरिया में भूमिगत आग से निपटने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए बुधवार को 5,940 करोड़ रुपये के संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। संशोधित योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल वित्तीय परिव्यय 5,940.47 करोड़ रुपये है। संशोधित मास्टर प्लान में प्रभावित क्षेत्रों से पुनर्वासित किए जा रहे परिवारों के लिए सतत आजीविका सृजन पर विशेष बल दिया गया है। इसके तहत लक्षित कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाएंगे और पुनर्वास वाले परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए आय-सृजन के अवसर भी पैदा किए जाएंगे। झारखंड के धनबाद जिले में आग, भूस्खलन और पुनर्वास से निपटने के लिए झरिया मास्टर प्लान को केंद्र सरकार ने अगस्त, 2009 में मंजूरी दी थी। इसकी कार्यान्वयन अवधि 10 वर्ष और कार्यान्वयन-पूर्व अवधि दो वर्ष रखी गई थी। इसपर 7,112.11 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश किया गया था।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जुलाई से अपने वाहन के दाम डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ाएगी

**नयी दिल्ली :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को कहा कि वह एक जुलाई से अपने अधिकांश वाहन की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह संशोधन उत्पादन की बढ़ती लागत और अन्य व्यापक आर्थिक कारकों के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा रहा है। कंपनी पारंपरिक इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहनों की शृंखला बेचती है। इनमें कॉमेट ईवी (कीमत 7.36 लाख रुपये से शुरू) से लेकर एसयूवी ग्लॉस्टर (कीमत 43.35 लाख रुपये) तक शामिल हैं।

## अंबानी, अदाणी के बीच दूसरी बार व्यावसायिक करार, ईंधन विपणन के लिए हाथ मिलाया



**नयी दिल्ली :** मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने एक-दूसरे के ईंधन खुदरा नेटवर्क का लाभ उठाकर वाहन ईंधन बेचने के लिए साझेदारी की है। यह दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग है। ब्रिटेन की बीपी के साथ अंबानी का ईंधन उद्यम जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर स्थापित करेगा। बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, अंबानी का ब्रिटेन की बीपी के साथ ईंधन उद्यम- जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर लगाएगा। इसके साथ ही, अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज का शहरी गैस वितरण संयुक्त उद्यम - एटीजीएल, जियो बीपी के ईंधन स्टेशनों पर सीएनजी डिस्पेंसर लगाएगा।इस साझेदारी के तहत समूह की मौजूदा और भविष्य की, दोनों इकाइयां आएंगी। जियो-बीपी के पास देशभर में 1,972 पेट्रोल पंप हैं, जबकि एटीजीएल 34 भौगोलिक क्षेत्रों में 650 सीएनजी स्टेशनों का नेटवर्क संचालित करती है।बयान के अनुसार, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) और जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के परिचालन ब्रांड) ने आज (बुधवार) भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वाहन ईंधन खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।इसमें कहा गया, इस साझेदारी के तहत, चुनिंदा एटीजीएल ईंधन आउटलेट जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले तरल ईंधन (पेट्रोल और डीजल) की पेशकश करेंगे, जबकि चुनिंदा जियो-बीपी ईंधन आउटलेट एटीजीएल के अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के भीतर एटीजीएल के सीएनजी डिस्पेंसर को एकीकृत करेंगे।

## न्यूज अपडेट

### मनीबॉक्स फाइनैंस बनी सोबिस्को स्मैशर्स मालदा की एसोसिएट स्पॉन्सर

**बंगाल प्रो टी20 लीग के ज़रिए टियर-2 और 3 शहरों में ब्रांड विस्तार की तैयारी**

**हावड़ा :** मनीबॉक्स फाइनैंस लिमिटेड ने बंगाल प्रो टी20 लीग में सोबिस्को स्मैशर्स मालदा के साथ एसोसिएट स्पॉन्सर के रूप में साझेदारी की है। यह कदम कंपनी के टियर-2 और टियर-3 शहरों में ब्रांड उपस्थिति को मज़बूत करने की दिशा में है।11 से 28 जून तक चल रही इस लीग में 8 टीमें और कुल 31 मुकाबले खेले जा रहे हैं। मनीबॉक्स पारंपरिक प्रचार से आगे जाकर ट्राउज़र ब्रांडिंग के ज़रिए स्थानीय समुदायों से भावनात्मक जुड़ाव बना रहा है।कंपनी के डायरेक्टर मयूर मोदी ने कहा, क्रिकेट और क्रेडिट दोनों में भरोसे और अवसर की शक्ति है। यह साझेदारी उम्मीद और आत्मविश्वास का प्रतीक है।मनीबॉक्स फिलहाल 12 राज्यों में 163 शाखाएं चला रहा है और अपने फिजिटल लेंडिंग मॉडल से छोटे उद्यमियों को आसान ऋण सुविधा दे रहा है।

### उत्तर प्रदेश के 62 जिलों में किसानों को सौंपे गए 450 अत्याधुनिक 'कंबाइन हार्वेस्टर'

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में प्रौद्योगिकी आधारित कृषि विकास की दिशा में सरकार के सहयोग से राज्य के 62 जिलों में 450 अत्याधुनिक 'कंबाइन हार्वेस्टर' किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। बयान के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ सरकार का उद्देश्य पारंपरिक खेती को आधुनिक संसाधनों से जोड़ते हुए किसानों को विज्ञान व प्रौद्योगिकी आधारित कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। 'कंबाइन हार्वेस्टर' से न केवल किसानों को फसल कटाई में होने वाली अतिरिक्त मेहनत से राहत मिलेगी, बल्कि फसलों की क्षति भी काफी हद तक कम होगी। समय के साथ-साथ उपज की गुणवत्ता और मात्रा में भी बढ़ोतरी होती है। इसमें कहा गया, इसमें महिला किसानों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। राज्य के 15 जिलों में 26 महिला किसानों को 'कंबाइन हार्वेस्टर' सौंपे गए। सिद्धार्थनगर, अमेठी, बस्ती, चित्रकूट, गोरखपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, महाराजगंज, पीलीभीत, रामपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर और उन्नाव जिलों में महिला किसानों की भागीदारी अधिक देखी गई।

### रिलायंस डिफेंस को जर्मनी की कंपनी से मिला 600 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नयी दिल्ली :** अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस डिफेंस को जर्मनी की अग्रणी रक्षा और गोला-बारूद विनिर्माता राइनमेटल वैफे म्यूनिशन जीएमबीएच से 600 करोड़ रुपये का निर्यात ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि अत्याधुनिक गोला-बारूद क्षेत्र में यह अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर है।बयान में कहा गया है कि यह ऑर्डर रिलायंस डिफेंस की वैश्विक रक्षा और गोला-बारूद आपूर्ति शृंखला में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की रणनीति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें यूरोप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।यह दीर्घकालिक सहयोग के लिए दोनों पक्षों की आपसी प्रतिबद्धता और स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करके 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' (भारत में विनिर्माण करो) पहल को आगे बढ़ाने पर प्रकाश डालता है।

### सरकार ने पीएलआई योजनाओं के तहत अबतक 12 क्षेत्रों को 21,534 करोड़ रुपये वितरित किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजनाओं की शुरुआत के बाद से इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा सहित 12 क्षेत्रों को 21,534 करोड़ रुपये का वितरण किया है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।सरकार ने 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, इनमें से 12 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 21,534 करोड़ रुपये की संचयी प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है। इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, थोक दवा, चिकित्सा उपकरण, फार्मा, दूरसंचार, खाद्य प्रसंस्करण, बड़े इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, वाहन, विशेष इस्पात, कपड़ा और ड्रोन शामिल हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3278 अंक 088, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in